

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 10 अगस्त 2023 ■ श्रावण कृष्ण पक्ष-9 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-133 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 11 अगस्त 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### जांजगीर में होगा भरोसे का सम्मेलन

**जांजगीर चांपा,10 अगस्त।** जिले में 13 अगस्त को भरोसे का सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है. इस कार्यक्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और मंत्री मंडल समेत बड़े कांग्रेस नेता शिरकत करेंगे. कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है. जांजगीर पुलिस ग्राउंड को पूरी तरह से सजाया जा रहा है और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये जा रहे हैं. जांजगीर पुलिस ग्राउंड में जिला प्रशासन के साथ पुलिस विभाग के अधिकारी लगातार नजर बनाये हुए है. वहीं कार्यक्रम स्थल का जायजा लेने विधान सभा अध्यक्ष चरण दास महंत, प्रभारी मंत्री जय सिंह अग्रवाल और गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत रामसुन्दर दास और कांग्रेस के पदाधिकारी पहुंचे. प्रभारी मंत्री जय सिंह अग्रवाल ने इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक होना बताया और आजादी के बाद जांजगीर का पहला भव्यता लिए हुए कार्यक्रम होने का दावा किया है.

### सहारा के निवेशकों का ऑनलाइन भुगतान शुरू

**रायपुर, 10 अगस्त।** देश के सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा किए गए प्रयासों के बाद सहारा इंडिया लिमिटेड के खाताधारकों को भुगतान किया जाना शुरू हो गया है। भाजपा शहर अध्यक्ष जयंती पटेल ने बताया कि इसके लिए पूरे देश से 18 लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। छत्तीसगढ़ में भी इस प्रक्रिया से करीब 50 हजार खाताधारकों को लाभ मिल रहा है। जवाहर मार्केट और गोलबाजार में इसकी व्यवस्था की गई है। आज ऑनलाईन भुगतान के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। एक अनुमान के अनुसार छत्तीसगढ़ में लाखों खाताधारकों का 1200 करोड़ देना है। भारत सरकार के रजिस्ट्रार विजलेंस के पोर्टल में लिंक करके नाम तथा सर्टिफिकेट नंबर डालकर आवेदन किया जा सकता है। फिलहाल मात्र 10 हजार रुपए प्रति खाताधारक को दिया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री बघेल ने प्रो. हरि नरके के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया


**रायपुर,10 अगस्त।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने फूले अंबेडकर विचारधारा के प्रकाश स्तम्भ, वरिष्ठ साहित्यकार, विचारक एवं समता परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. हरि नरके जी के निधन पर गहरा दुःख प्रकट करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### गोठानों में भ्रष्टाचार का मामला गूंजा जिला पंचायत की बैठक में

**रायपुर, 10 अगस्त।** शिक्षकों की कमी एवं सड़कों की दुर्दशा सहित अन्य मुद्दों को लेकर जिला पंचायत की बैठक आज चल रही है। बैठक में सदस्यों ने कई मुद्दों को उठाया। जिला पंचायत सदस्य राजू शर्मा ने बताया कि बैठक में शिक्षकों की कमी, हिरमी से लेकर मोहरेंगा तक सड़क निर्माण, गोठानों में भ्रष्टाचार सहित अन्य मुद्दों को लेकर चर्चा हुई है। बैठक में शिक्षकों की कमी से शालाओं में पढ़ाई प्रभावित हो रही है। अन्य सदस्यों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं उठाई है। बैठक में सदस्य रानी पटेल, सोना वर्मा सहित अन्य सदस्य शामिल हुए।

## वन क्षेत्रों में कार्पोरेट जगत की एंट्री : भूपेश बघेल

**रायपुर,10 अगस्त।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जैव विविधता अधिनियम में संशोधन को लेकर केंद्र पर हमला बोला है. उन्होंने कहा कि आदिवासी हितों के विपरीत है यह संशोधन. सीएम ने ट्वीट कर लिखा कि लोकसभा से 25 जुलाई एवं राज्यसभा से 1 अगस्त को जैव विविधता (संशोधन) विधेयक, पारित कर दिया गया. इस संशोधन के बाद जैव विविधता उल्लंघन से संबंधित अपराधों को समाप्त कर दिया जाएगा. सीएम बघेल ने कहा कि प्रस्तावित संशोधन में निजी क्षेत्र की कंपनियों को सभी प्रकार के वन क्षेत्रों में व्यापार की छूट देता है. इसका वास्तविक उद्देश्य कार्पोरेट सेक्टर को वन संसाधनों की लूट की छूट देना है. बघेल ने कहा कि



इस संशोधन के माध्यम से वन संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों को भी बैक डोर से बाई पास करने की मंशा है. इस संशोधन से आदिवासियों के हितों पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा. वन क्षेत्रों में कार्पोरेट जगत की एंट्री सरल करने से आदिवासियों के वन क्षेत्रों से बेदखली की आशंका उत्पन्न हो गई है.

## पुलिस विभाग को सीएम बघेल की सौगात

### अधिकारियों को जितनी अच्छी सुविधा मिलेगी उतना ही अपराध को रोकने में मदद मिलेगी

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,10 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पुलिस विभाग को कई सौगातें दी है. सीएम बघेल ने रायपुर के माना स्थित पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में इंडोर फायरिंग रेंज का उद्घाटन किया. इस दौरान छ्त्रू ने महिला हेल्प डेस्क और पुलिस इकाइयों के लिए वाहन का फ्लैग ऑफ किया. साइबर रेंज थाना और नवीन थाना भवनों का सीएम भूपेश बघेल ने उद्घाटन किया.



इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है. स्वतंत्रता दिवस के पूर्व पुलिस विभाग को महत्वपूर्ण सौगातें मिली है. अधिकारियों को जितनी अच्छी सुविधा मिलेगी, उतना ही अपराध को रोकने में मदद मिलेगी. एक समय था जब पुलिस के धमक से चोर भागते हुए रुक जाते थे. पुलिस का इकबाल बने रहना चाहिए. यदि पुलिस का इकबाल ना हो तो कानून व्यवस्था को सामान्य नहीं रख पाएंगे. अपराधियों के मन मे पुलिस का भय बना रहना चाहिए.

बघेल ने कहा कि अब साइबर क्राइम का जमाना आ गया है. यदि पुलिस दो कदम आगे ना सोचे तो क्राइम को नहीं रोका जा सकता. सोच में बदलाव होने की आवश्यकता है. 6 करोड़ 67 लाख के बजट से फायरिंग रेंज लक्ष्य बनाया गया है. इंडोर फायरिंग रेंज से दुर्घटना की संभावना कम है. सीएम ने कहा कि पौने 5 साल में पुलिस विभाग के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में उपलब्धि रही है. आदिवासियों ने पुलिस की प्रशंसा की. यह विभाग की उपलब्धि है. साल 2023 में तीन अधिकारियों को खोया है. उनका बलिदान खाली नहीं जाएगा. बस्तर के लोगों का विश्वास सरकार के ऊपर बना है. इसमें बहुमूल्य योगदान गृह विभाग और जवानों का रहा है. मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले धरना प्रदर्शन का आप लोगों को अनुभव था, लेकिन सांप्रदायिक माहौल जो प्रदेश में बन रहा है, उसका अनुभव नहीं था. बेमेतरा और कवर्धा में जैसा माहौल बना, उसके लिए आपको सचेत रहना पड़ेगा. बता दें कि इस दौरान गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, विधायक सत्यनारायण शर्मा, डीजीपी अशोक जुनेजा समेत पुलिस के आलाधिकारी मौजूद थे.

## अरविंद नेताम का इस्तीफा

**रायपुर,10 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

सियासी गलियारों से बड़ी खबर सामने आई है. कांग्रेस के वरिष्ठ आदिवासी नेता अरविंद नेताम ने एआईसीसी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को अपना इस्तीफा भेजा है. नेताम सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक हैं. वे इंदिरा और नरसिम्हा सरकार में मंत्री रह चुके हैं.



बता दें कि, अरविंद नेताम ने अपने पत्र में लिखा, मैं कांग्रेस पार्टी का क्रियाशील सदस्य हूं. 5 वर्ष पूर्व तत्कालीन अध्यक्ष राहुल गांधी के आह्वान पर कांग्रेस में वापस आकर अपने अनुभव से पार्टी को मजबूती प्रदान करने का हमेंशा प्रयास किया, लेकिन प्रदेश नेतृत्व के असहयोग रवैये के कारण मुझे निराशा हुई. प्रदेश नेतृत्व राज्य में आदिवासी समाज के लिए बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर के द्वारा प्रदान संवैधानिक अधिकारों के विपरीत काम करने तथा पेसा कानून 1996 में आदिवासी समाज को जल, जंगल, जमीन में ग्रामसभा के अधिकारों को समाप्त कर दिया गया है, इस प्रकार से आदिवासी विरोधी सरकार है. अतः मैं आज विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर पार्टी के प्राथमिक सदस्यता से त्याग पत्र दे रहा हूं. केन्द्रीय नेतृत्व से मुझे हमेशा मार्गदर्शन एवं आर्शीवाद मिलता रहा है, उसके लिए पार्टी का आभार व्यक्त करता हूं.

4 बार के सांसद अरविंद नेताम इंदिरा गांधी और नरसिम्हा राव सरकार में मंत्री रहे हैं. 1996 में उन्होंने कांग्रेस छोड़ी थी और फिर 1998 में कांग्रेस में लौट आए थे. 2012 में उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव के दौरान आदिवासी नेता पीएम संगमा का समर्थन किया तो उन्हें फिर से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया. 2018 में नेताम ने दोबारा कांग्रेस प्रवेश किया था. नेताम बसपा, भाजपा और राकांपा के साथ अपनी राजनीतिक पारियां खेल चुके हैं.

## भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था : सीतारमण

**नई दिल्ली,10 अगस्त**

अविश्वास प्रस्ताव अपने आखिरी चरण में है। आज पीएम नरेंद्र मोदी लोकसभा में बोलने वाले हैं। इन सब के बीच तीसरे दिन की चर्चा की शुरूआत वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने की। सबसे पहले उन्होंने वैश्विक आर्थिक स्थिति पर बोलना शुरू किया। भारतीय अर्थव्यवस्था पर बोलते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पूर्ववर्ती यूपीए सरकार पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि यूपीए के शासन के दौरान, नागरिकों को लाभ मिलना चाहिए था और एनडीए के शासन के दौरान लोगों को पहले से ही लाभ मिल रहा है। यूपीए और एनडीए सरकार के बीच अंतर बताते हुए सीतारमण ने कहा के पहले होता था था मिलेगा और अब होता है मिल गया।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 2013 में मॉर्गन स्टेनली ने भारत को दुनिया की पांच नाजुक अर्थव्यवस्थाओं की सूची में शामिल किया था। भारत को नाजुक अर्थव्यवस्था घोषित किया




गया था। आज उसी मॉर्गन स्टेनली ने भारत को अपग्रेड किया और ऊंची रेटिंग दी। उन्होंने कहा कि 9 वर्षों में, हमारी सरकार की नीतियों के कारण अर्थव्यवस्था ऊपर उठी और आर्थिक विकास हुआ - कोविड के बावजूद। आज, हम दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था हैं। उन्होंने कहा कि भारत अपने भविष्य के विकास को लेकर आशावादी और सकारात्मक होने की एक स्थिति में है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि बनेगा, मिलेगा जैसे शब्द अब प्रचलन में नहीं हैं। आजकल लोग क्या उपयोग कर रहे हैं? बन गए, मिल गए, आ गए।

भाजपा नेता ने कहा कि यूपीए के दौरान लोग कहते थे बिजली आएगी, अब लोग कहते हैं बिजली आ गई। उन्होंने कहा गैस कनेक्शन मिलेगा, अब गैस कनेक्शन मिल गया...उन्होंने कहा एयरपोर्ट बनेगा, अब एयरपोर्ट बन गया। उन्होंने कहा कि परिवर्तन वास्तविक डिलीवरी के माध्यम से आता है, न कि बोले गए शब्दों के माध्यम से। तुम लोगों को सपने दिखाते हो। हम उनके सपनों को साकार करते हैं। हम सभी को सशक्त बनाने और किसी के तुष्टिकरण में विश्वास नहीं करते। विपक्ष पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि जनता ने 2014 और 2019 में यूपीए के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया और उन्हें हरा दिया। 2024 में भी यही स्थिति होगी। गृह मंत्री ने कल कहा, यूपीए का नाम बदलने की क्या जरूरत?...इनमें गजब की एकता है. यह समझना मुश्किल है कि वे एक-दूसरे के खिलाफ लड़ रहे हैं या साथ मिलकर। कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री यहां के मोहल्ला क्लीनिक देखने दिल्ली आए। उन्होंने आकर कहा कि इनमें कुछ खास नहीं है और हम निराश हैं।

## प्राइवेट इंजीनियरिंग कालेज वाले काट रहे चांदी

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 10 अगस्त।** प्रदेश के इंजीनियरिंग कालेजों में प्रवेश के लिए सीजीपीएटी के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। अभी काउंसिलिंग की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हुई है लेकिन रायपुर और दुर्ग के प्राइवेट इंजीनियरिंग वाले सीटों के आरक्षण के लिए बतौर एडवांस रजिस्ट्रेशन के रूप में पांच हजार रुपए ले रहे हैं। इससे अभिभावकों में रोष है।

**काउंसिलिंग के पहले ले रहे पांच हजार एडवांस**

अभिभावकों ने बताया कि सीजीपीएटी के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। अब किस बच्चे को किस इंजीनियरिंग कालेज में प्रवेश मिलेगा इसके लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया शुरू हो गई है। लेकिन प्राइवेट इंजीनियरिंग कालेजों ने अभिभावकों से बतौर एडवांस पांच हजार रुपए लेना शुरू कर दिया है। इसे रजिस्ट्रेशन का नाम दिया जा रहा है। अभिभावकों का कहना है कि निजी इंजीनियरिंग कालेज वालों ने कहा है कि यदि आप पांच हजार रुपए रजिस्ट्रेशन फीस देंगे तो आपके लिए मनपसंद फैकल्टी दी जाएगी। इसके लालच में कई अभिभावक पैसा दे रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि पहले यह तय होना चाहिए कि किस निजी इंजीनियरिंग कालेज में प्रवेश होगा। छात्रों को कौन सा सब्जेक्ट लेना होगा। इसके बाद ही तय होगा कि कौन सी फैकल्टी में छात्र प्रवेश लेना चाहेगा।

अभिभावकों ने शिकायत की है कि दुर्ग-भिलाई के कई नामचीन प्राइवेट इंजीनियरिंग कालेज यह काम कर रहे हैं। अभी तक 300 से अधिक बच्चों से रजिस्ट्रेशन फीस लिया जा चुका है। कालेज प्रबंधन का कहना है कि यदि मनपसंद फैकल्टी नहीं मिली तो राशि एक हजार काटकर वापस कर दी जाएगी। अभिभावकों का कहना है कि सभी बच्चे सामान्य वर्ग के हैं। रजिस्ट्रेशन के नाम पर लूट मचा रखी है। प्रवेश नहीं होने पर एक हजार रुपए की राशि डूबत खाते में चली जाएगी। इस संबंध में उच्च शिक्षा व तकनीकी शिक्षा विभाग से तत्काल पहल करने की मांग की गई है।

## दुर्ग की हाईप्रोफइल सीटों पर सैलजा ने किया मंथन

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 10 अगस्त।** कांग्रेस छग प्रभारी कुमारी सैलजा ने दुर्ग की हाईप्रोफाइल सीटों पर चर्चा शुरू कर दी है। उन्होंने संगठन सहित अन्य पदाधिकारियों से वस्तुस्थिति की जानकारी ली है।

कांग्रेस भवन से मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग संभाग के अंतर्गत पहले 13 से अधिक सीट आती थीं लेकिन अब बालोद, दुर्ग तथा बेमेतरा में यह बंट गई है। वर्तमान में यहां पर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू दुर्ग ग्रामीण, रूद्र गुरु अहिवारा, रविन्द्र चौबे साजा एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पाटन, अनिला भेड़िया बालोद जिले के डौंडी से चुनाव लडतीं हैं। रविन्द्र चौबे अपने स्वास्थ्यगत कारणों से चुनाव नहीं लड़ना चाहते। इसके बदले उनके बड़े भाई प्रदीप चौबे अथवा उनके पुत्र को टिकिट दिए जाने पर चर्चा की जा रही है। अहिवारा विधानसभा क्षेत्र में पीएचई मंत्री रूद्रगुरु की हालत काफी खराब है। वर्तमान में वे भी चुनाव लड़ने के इच्छुक नहीं है। दुर्ग ग्रामीण में ताम्रध्वज साहू और प्रतिभा चंद्राकर के बीच एक बार फिर टिकिट को लेकर जोर आजमाइश होगी। दुर्ग के ही शहरी क्षेत्र में अरुण वोरा की टिकिट पर भी खतरा मंडरा रहा है। वे पूर्व कांग्रेस कोषाध्यक्ष स्वर्गीय मोतीलाल वोरा के पुत्र हैं। बालोद जिले में बालोद से साहू समाज ने टिकिट की मांग की है। यहां पर वर्तमान विधायक संगीता सिन्हा हैं। साहू समाज के अनेक कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री ने शामिल होकर उन्हें उचित आश्वासन दिया है। बेमेतरा जिले में भी वर्तमान बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा की स्थिति भी डांवाडोल हैं। यहां पर एक लोकगायिका सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने अपनी दावेदारी पेश की है। भिलाई में वैशालीनगर में भी अनेक दावेदार उभरकर आए हैं। वर्तमान अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने भी दावा किया है। चूंकि भिलाई के विधायक मुख्मयंत्री के काफी नजदीक हैं इसलिए उनकी टिकिट पक्की है। आज की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

## राज्यसभा में गतिरोध के बीच खड़गे का तंज

**नई दिल्ली,10 अगस्त।** संसद के मानसून सत्र के बीच अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री के आने से क्या होने वाला है? क्या परमात्मा है वो? वे कोई भगवान नहीं हैं। आपको बता दें कि हंगामे के कारण राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। विपक्षी दलों ने कार्यस्थगन प्रस्ताव (नियम 267) के तहत चर्चा आरंभ कराने की अपनी जिद से पीछे हटते हुए नियम 167 के अंतर्गत चर्चा शुरु कराने का प्रस्ताव दिया और मांग की कि प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी सदन में मौजूद हों। हालांकि सत्ता पक्ष इसके लिए तैयार नहीं दिखा। इस पर विपक्ष के नेता खड़गे ने कहा कि गोयल से विपक्षी नेताओं की मुलाकात हुई थी। उन्होंने कहा, ''वे (सत्ता पक्ष) चाहते थे कि नियम 176 के तहत चर्चा हो जबकि हम नियम 267 के तहत चर्चा चाहते हैं। बीच का रास्ता निकालने के लिए हमने नियम 167 के तहत चर्चा कराने का प्रस्ताव दिया।'' खरगे ने कहा, ''अब इसमें दिक्कत क्या है।

### छत्तीसगढ़िया ओलंपिक से प्रदेश में बन रहा खेल का माहौल

## कोर ओलंपिक खेलों को बढ़ावा देना जरूरी

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

इन दिनों छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक स्पर्धा क्रम, स्तर आधार पर पूरे प्रदेश में जारी है। इसमें 8 दलीय खेल, 8 एकल खेलों को शामिल किया गया है। 16 खेलों में पारंपरिक खेल, लोक खेल और कुश्ती, 100 मी. दौड़, लंबीकूद जैसे कुछ ओलंपिक खेल भी सम्मिलित हैं। यह अच्छी परंपरा है कि स्थानीय खेलों को बढ़ावा दिया जा रहा है लेकिन उन खेलों के अधिकांश के अलग से जिला, संभाग या राज्य स्तरीय प्रतियोगिता नहीं होती है। अधिकांश खेलों की राष्ट्रीय चैंपियनशिप नहीं होती है। जिससे छत्तीसगढ़ के इन खेलों के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का कोई अवसर नहीं है। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल की सबसे बड़ी खूबी यही है कि वह यहां के निवासियों को ना सिर्फ एक सूत्र में बांधने का कार्य कर रही है बल्कि खेलकूद के बहाने आपसी भाईचारा बढ़ाने शारीरिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहने का माध्यम है। मजेदार बात यह है कि यह तीन आयु वर्ग 18 वर्ष, 18 से 40 वर्ष तक तथा 40 से 60 वर्ष के उम्र तक के इच्छुक प्रतियोगियों के लिए है। अर्थात् छत्तीसगढ़ की आबादी करीब 2 करोड़ 85 लाख के दो तिहाई याने एक करोड 90 लाख लोग इस खेलकूद स्पर्धा में भाग ले सकते हैं। दूसरे शब्दों में छत्तीसढ़िया ओलंपिक के द्वारा आगे बढ़ने की उम्मीद बलवती होती है। परंतु जब 16 खेलों में से तीन चार में राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता होती है तो फिर छत्तीसगढ़ के निवासियों की संपूर्ण राज्य के खेलकूद टूर्नामेंट में भाग लेने की चाहत का लाभ ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में सम्मिलित 28 कोर गेम्स द्वारा उठाया जा सकता है। जलक्रीड़ा, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबाल, मुक्केबाजी, केनोइंग, सायकलिंग, घुड़सवारी, तलवारबाजी, फील्ड हाकी, फुटबाल, गोल्फ, जिमनास्टिक्स, हैंडबाल, जूडो, मार्डन पेंटाथलान, नौकायन, पाल नौकायन, रग्बी (सेवन), निशानेबाजी, टेबल टेनिस, टाइक्वांडो, टेनिस, ट्राइथलान, व्हालीबाल, भरोत्तोलन और कुश्ती कोड गेम्स है। छत्तीसगढ़ में जिस तरह की जीवनशैली, वातावरण,



मौसम, सहन-सहन, खान-पान है उस दृष्टि से घुड़सवारी, गोल्फ, मार्डन पेंटाथलान, पाल नौकायन, रग्बी सेवन, निशानेबाजी, ट्राइथलान जैसे आठ खेलों को छोड़ देना चाहिए। अब बचे हुए 20 खेलों में से पदकों की संख्या पर नजर डालने से पता चलता है कि 20 से कम दांव पर लगने वाले खेलों में टेनिस, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, व्हालीबाल, तीरंदाजी, हाकी, फुटबाल, हैंडबाल, मार्डन पेंटाथलान, ट्राईथलान और बास्केटबाल मिलाकर 11 खेल हैं परंतु इनमें से टेनिस, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, व्हालीबाल, तीरंदाजी, हाकी, फुटबाल, हैंडबाल, बास्केटबाल को रखा जा सकता है। बाकी बचे खेलों में एथलेटिक्स के 141, जलक्रीड़ा में 138, कुश्ती में 54, केनोइंग में 48, भारोत्तोलन में 42, मुक्केबाजी में 30, ताइक्वांडो में 32 पदक आधुनिक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में दांव पर लगते हैं। 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद मेरे द्वारा राजय के किशोरों, युवाओं को खेल संघ के पदाधिकारियों, खेल प्रशासकों, राजनेताओं को ओलंपिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर सुझाव दिया है। मैंने अपने उक्त विश्लेषण को 'छत्तीसगढ़ में ओलंपिक खेलों के अकादमी के गठन पर शोध पत्र' का नाम दिया है जिसे 2019 में मेरे द्वारा वर्तमान सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया था। अतः जब छत्तीगसढ़िया ओलंपिक खेलों के आयोजन के द्वारा हमारे इस प्रदेश में खेल का माहौल गांव-गांव, घर-घर बन रहा है तो उसका लाभ सही दिशा में उठाया जाए। आधुनिक ओलंपिक खेलों में जब छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को पदक मिलेगा तो हमारे भारत देश के साथ राज्य का भी मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। इससे प्रदेश में पर्यटन, व्यापार-व्यवसाय, कला-संस्कृति, परिवहन के क्षेत्र में अपार वृद्धि होगी। वैसे भी छत्तीसगढ़ में प्रतिदिन तालाबों में नहाने, तैरने, नदियों को पार करने वाले मिलेंगे इससे तैराकी को बढ़ावा मिलेगा। प्रतिदिन स्कूल के बाद उसी सायकल से बाजार-हाट जाने वालों की बड़ी संख्या है इससे सायकलिंग में पदक की उम्मीद बढ़ेगी। कितने रोज 10-20 किमी पैदल चलते हैं तो पैदल चाल व एथलेटिक्स में फायदा मिलेगा। अपनी गुलेल से मारकर फल गिराने वालों को तीरंदाजी सिखाई जा सकती है। अतः ओलंपिक खेलों को बढ़ावा देना जरूरी है।

## भरोसा खो चुकी है कांग्रेस : चंद्राकर

**रायपुर,10 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

भाजपा के वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने कांग्रेस और राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है. उन्होंने भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम को लेकर तंज कसते हुए कहा कि क्या कांग्रेस भरोसा खो चुकी है? सीएम भूपेश बघेल के बयान पर भी पलटवार करते हुए कहा कि हमारी चिंता छोड़ दें. उन्हें सिर्फ गांधी परिवार की चिंता करनी चाहिए. इसके साथ ही उन्होंने धान खरीदी के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा है.



रमन सिंह के होते बीजेपी नेताओं की दाल नहीं गलने वाली सीएम भूपेश बघेल के इस बयान पर पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने पलटवार किया है. अजय चंद्राकर ने कहा कि हमारी चिंता वह छोड़ दें. उनको सिर्फ गांधी परिवार की चिंता करनी चाहिए. सेट और भेंट के लिए सीएम को अपने जीवन समर्पण करना चाहिए. संसद में राहुल गांधी के रावण दो लोगों की सुनता था वाले बयान पर अजय चंद्राकर ने कहा कि रावण कितने लोगों की सुनता था, उसमें उनकी जानकारी कम है. मंदोदरी की रावण सुनते थे, उन्हें रामायण फिर से पढ़नी चाहिए. इसके अतिरिक्त उन्होंने अध्यात्म में, रामायण में, महाभारत में उदानन इसलिए दे रहे हैं. इसकी रेडीमेड दुकान खोलकर रखें है, चुनाव लड़ने के बजाय यह फिक्स काम है . राजीव भवन में दुर्ग लोकसभा स्तरीय कांग्रेस की बैठक पर पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने कहा कि रोज बैठक करें, दिनभर में बैठक करें. 5 मंत्रियों वाले अविभाजित दुर्ग जिले में सबसे भीषण पराजय कांग्रेस को झेलनी पड़ेगी. कौन से नए लोग जुड़ेंगे, इन्होंने किस वर्ग को नहीं छला है. 13 अगस्त को होने वाले कांग्रेस के 'भरोसे का सम्मेलन' पर चंद्राकर ने कहा कि क्या कांग्रेस भरोसा खो चुकी है? जनता के बीच भरोसा खो चुकी है? गांधी परिवार से भरोसा खो चुकी है? तीन विदेशी सांसद है, उनका भरोसा खो चुकी है? धान खरीदी से लेकर जितने भी वादे है, उनकी मेरे से बहस हो जाए, उनके मंत्री मंडल के सहयोगी अगर आमंत्रण स्वीकार करते हैं तो बात इधर-उधर की करेंगे.

**एक नजर**

### भारत छोड़ो आंदोलन की 81वी वर्षगांठ पर शहीदों को दी गई सलामी



**भिलाई, 10 अगस्त।** वार्ड 38 वैरागी मोहल्ला मे स्थापित शहीद भगत सिंह, शहीद राजगुरु, शहीद सुखदेव के प्रतिमा के सामने कल्याण सेवा जन जागृति संगठन के सदस्यों द्वारा 9 अगस्त काकोरी कांड स्मृति दिवस एवं भारत छोड़ो आंदोलन के 81वी वर्षगांठ मनाया । इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता एवं संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुमन शील ने सर्वप्रथम शहीद भगत सिंह एवं नवनिर्मित बनाए गए शहीद राजगुरु व शहीद सुखदेव के प्रतिमा पर पुष्प माल्यार्पण करने के उपरांत उनके प्रतिमा पर तिलक लगाकर तथा द्वीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा काकोरी कांड के क्रांतिकारी शहीद रामप्रसाद बिस्मिल, शहीद चंद्रशेखर आजाद ,अशफाक उल्ला खां, राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी रोशन सिंह के शहादत को याद किया गया और जहां बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने भारत माता की जयकारा की भी नारे लगाए गए । कार्यक्रम के इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता सुमन शील ने संबोधन करते हुए बताया कि 9 अगस्त 1925 को क्रांतिकारियों के द्वारा उत्तर प्रदेश के काकोरी के नजदीक रेलगाड़ी से सरकारी खजाना लूटकर ब्रिटिश सरकार के हुकूमत को हिलाने तथा सरकार का तख्ता पलटने के उद्देश्य से काकोरी कांड को अंजाम दिया था इसकी यादगार ताजा रखने के लिए पूरे देश में प्रतिवर्ष 9 अगस्त को काकोरी कांड स्मृति दिवस मनाने की परंपरा को शहीद भगत सिंह ने शुरु की थी और इस दिन नौजवान बड़ी संख्या में एकत्र होते थे । कहीं न कहीं 9 अगस्त 1925 की तिथि को अनावरण करते हुए महात्मा गांधी जी ने साल 1942 अंग्रेज भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत किए थे जिसमें सभी लोग शामिल हुए और आगे चलकर भारत छोड़ो आंदोलन अंग्रेजों के लिए मुसीबत बन गया था । कार्यक्रम के इस मौके पर मुख्य रूप से अवतार सिंह, निर्मल सिंह, राजू गुप्ता, सुब्रत राय, अजय, आधुनिक, डिपीन, उज्जवल सेन सहित अनेकों उपस्थित थे ।

### 11 व 12 को बंद रहेगी पानी सप्लाई, होगा राइजिंग पाइप लाइन का संधारण

**भिलाई, 10 अगस्त।** नेहरू नगर गुरुद्वारा के सामने मुख्य राइजिंग पाइप में हुई लीकेज को संधारित करने के लिए 11 व 12 अगस्त अर्थात दो दिवस शटडाउन किया जाएग जिससे खुर्सीपार, छावनी, गौतम नगर, हाउसिंग बोर्ड, चंद्रा मौर्या, वैशाली नगर, मदर टेरेसा नगर एवं कोहका क्षेत्र में पेयजल के आपूर्ति बाधित रहेगी। 77 एमएलडी जल शोधन संयंत्र के कार्यपालन अभियंता आर.एस. राजपूत ने बताया कि जल शोधन संयंत्र के मुख्य राइजिंग पाइप के संधारण कार्य होने के कारण 11 एवं 12 अगस्त को चिन्हित क्षेत्र में पानी की सप्लाई बंद रहेगी।

### बीमार लावारिस की अस्पताल में मौत



**भिलाई।** भिलाई पुलिस ने बीमार और लावारिस हालत में पड़े मिले जिस शख्स को अस्पताल में भर्ती कराया था, उसकी मौत हो गई। मृतक ने अस्पताल में भर्ती होते समय अपना नाम गंगा साहू ( 60 वर्ष ) बताया था। लेकिन उसके मौत के बाद परिजनों के सामने नहीं आने से उसकी पहचान पुख्ता नहीं हो सकी है भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि बीते 23 जून 2023 को अपने आपको गंगा साहू बताने वाला शख्स रात के समय भिलाई-3 में कन्या शाला के साथ बीमार और लावारिस हालत में पड़ा हुआ था। पुलिस ने 108 वाहन के जरिए उसे जिला अस्पताल दुर्ग में भर्ती करा दिया। अस्पताल में भर्ती के समय मरीज का नाम गंगा साहू, उम्र 60 वर्ष और पता भिलाई-3 दर्ज कर प्रारंभिक जांच के बाद उसे टीबी वार्ड में रखा गया। कथित गंगा साहू की बीते 30 जुलाई को इलाज के दौरान मौत हो गई। दुर्ग से इस मामले की डायरी 8 अगस्त को भिलाई-3 थाने पहुंची। जिसके बाद मृतक के वारिसान की तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है। लेकिन अभी तक मृतक की पहचान पुख्ता नहीं हो सकी है। फिलहाल मृतक के शव को दुर्ग मरच्यूरी में रखवा दिया गया है।

कोडिया में मेरी माटी मेरा देश अभियान की शुरुआत, पंच प्रण की शपथ के साथ सैनिकों का किया सम्मान

# सम्मान से सैनिकों का मनोबल बढ़ेगा:खुमान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**उतई, 10 अगस्त।** आजादी के अमृत महोत्सव के समापन समारोह अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार से सम्बद्ध शौर्य युवा संगठन और गायत्री परिवार आदर्श ग्राम कोडिया द्वारा माटी को नमन वीरों का वंदन थीम पर मेरी माटी मेरा देश अभियान का शुभारंभ किया गया।

नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग के जिला युवा अधिकारी नितिन शर्मा ने कार्यक्रम के सम्बंध जानकारी देते हुए बताया पीएम मोदी ने 30 जुलाई को मन की बात के 103वें संस्करण के दौरान मेरी माटी मेरा देश अभियान की घोषणा की थी। यह अभियान नौ अगस्त से शुरू होकर 30 अगस्त को समापन होगा और इस अभियान में मातृभूमि के सम्मान के साथ वीरों को याद करने के लिए देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। उनकी स्मृति में अमृत सरोवरों के निकट ग्राम पंचायतों में 75 पौधे रोपकर कर शिलाफलकम स्मारक पट्टिकाएं स्थापित किए जाएंगे। इसी अभियान अंतर्गत आज कोडिया में आज ग्राम के मुक्तिधाम और तालाब किनारे पौधरोपण एवं भारतीय थलसेना के जवान हवलदार सत्यविजय साहू का गोदना गमछा से सम्मानित किया गया। साथ ही भारत को एक विकसित देश बनाने, गुलामी की मानसिकता को खत्म करने, हमारी समृद्ध विरासत पर गर्व करने, एकता और एकजुटता बनाए रखने, नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों को पूरा करने और राष्ट्र की रक्षा करने वालों का सम्मान करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए पंच प्रण का शपथ लिया गया।शौर्य संगठन सचिव आदित्य भारद्वाज ने बताया कि मेरी माटी मेरा देश अभियान अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया। गायत्री परिवार एवं संगठन के माध्यम से ग्राम में पुरखौती उपवन का निर्माण किया जा रहा है साथ ही आज़ादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत अमृत वाटिका के लिए भी 75 पौधे रोपे गए। साथ ही लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।गोरकापार मीडिल स्कूल हेडमास्टर खुमान भारद्वाज ने पर्यावरण संरक्षण और वीर जवानों के सम्मान के लिए प्रेरित करते हुए कहा जीवधारियों के जीवन रक्षा के लिए पर्यावरण संरक्षण और देश की रक्षा के लिए सैनिकों का सम्मान बहुत जरूरी है। घर से दूर सीमाओं पर तैनात सैनिकों का सम्मान करने से उनका मनोबल बढ़ता है जिससे वे और ज्यादा जोश के साथ देश को सुरक्षित करने में मुख्य भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग जिला युवा अधिकारी नितिन शर्मा, भारतीय थलसेना में हवलदार सत्यविजय साहू, सरपंच चंद्रभान सारथी, एनवाईके दुर्ग जिला सलाहकार सदस्य जितेंद्र सोनी, गायत्री परिवार ट्रस्ट कोडिया प्रमुख उमेश साहू, सहायक ट्रस्टी मलेश निषाद, गोरकापार मीडिल स्कूल हेडमास्टर खुमान सिंह भारद्वाज, रोजगार सहायक किरण भारद्वाज, शिक्षक लक्ष्मीनारायण साहू, ग्रामीण चुन्नीलाल चन्द्राकर, रामचरण भारद्वाज, मोतीराम साहू, लखन निषाद, छग युवा जनकल्याण संगठन के यशवंत साहू, शौर्य संगठन उपाध्यक्ष चिरंजीव निषाद, सचिव आदित्य भारद्वाज, कोषाध्यक्ष रवि साहू, सलाहकार दीपक यादव, आनंद निषाद, गायत्री निषाद, अंजू साहू, जामिनी साहू सहित ग्रामीण महिलाएं, मीडिया कर्मी व शौर्य संगठन के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित थे।

### विकास के मुद्दे पर चुनाव हम लड़ेंगे और जीतेंगे:कन्हैया



**कवर्धा, 10 अगस्त।** क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल ने तरुण छत्तीसगढ़ से विकास पर चर्चा करते हुए बताया की छत्तीसगढ़ राज्य में सीएम भूपेश बघेल और केबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने साढ़े चार सालो में विकास की सौगात दी जिससे छत्तीसगढ़ के सभी किसानों , मजदूरों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और किसान , मजदूर सहित पूरा परिवार खुश है । राजीव गांधी न्याय योजना , गोधन योजना , भूमिहीन किसानों को सात हजार की सहायता के साथ साथ आत्मानंद स्कूलों की स्थापना गांवों और शहरों में युवाओं को रोजगार दिए गए है जिस कारण किसान ,मजदूर , यूवा सभी खुश है । बीजेपी के धरना के सवाल पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल ने कहा की विपक्ष अपना धर्म निभा रही है और विपक्ष को विकास कहां दिखेगा ।

## जिलाध्यक्ष अशोक साहू की छवि से प्रभावित होकर सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ली बीजेपी की सदस्यता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



कवर्धा,10 अगस्त। भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति और राष्ट्रवादी सिद्धांतों से प्रेरणा लेते हुए तथा कवर्धा जिले के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अशोक साहू की सरल,सहज तथा कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने की छवि से प्रभावित होकर पांडातराई मोहगांव मंडल के ग्राम दशरंगपुर के प्रदीप कैवर्त के प्रयास से उनके साथ करीब 125 कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक साहू के सामने आज भाजपा की सदस्यता ग्रहण की. इस मौके पर पंडरिया के पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी और जिला महामंत्री क्रांति गुप्ता भी उपस्थित थे. कार्यकर्ताओं को पार्टी में प्रवेश देते हुए श्री साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सिर्फ कार्यकर्ताओं की पार्टी नहीं है बल्कि ये एक परिवार है. जहां साथ में पारिवारिक माहौल में हम सब एक साथ राष्ट्र के लिए काम करते हैं. और अब हम सब मि लकर आने वाले चुनावों में पार्टी की जीत के लिए काम करेंगे. इस मौके पर पूर्व संसदीय सचिव मोतीराम चंद्रवंशी ने भी नवप्रवेशी सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें पार्टी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले पार्टी के पुराधाओं से परिचित भी कराया. साथ ही उन्हें भी राष्ट्र के गौरवशाली विकास के पार्टी के अभियान में जुट जाने की अपील भी की. ग्राम दशरंगपुर से भाजपा में प्रवेश लेने वालों मेंप्रभु राम निषाद, नरोत्तम चंद्रवंशी, सीताराम निषाद , परमेश्वर यादव , रामकुमार यादव, मुखी राम चंद्रवंशी, सुखी राम चंद्रवंशी, सनत साहू, जितेन साहू, तिंगली निर्मलकर, मोहित राम साहू, अनुज निषाद, मनोहर साहू, संजय निर्मलकर,ओमकार यादव, रामस्वरूप साहू,गणेश चंद्रवंशी, पंचू यादव, रामपाल सिंह बेस, शिवचरण चंद्रवंशी, तारा निषाद, दुपहर राम साहू, प्रकाश साहू, दर्शन साहू, कुंज बिहारी चंद्रवंशी, रेखा लाल चंद्रवंशी, कृपाल साहू, नरेश यादव,शिव प्रसाद चंद्रवंशी, दुखू निषाद, झल्लू यादव, विष्णु निर्मलकर, गोविंद विश्वकर्मा, अग्नि राम साहू, खेलन सिंह बैस, लाखन सिंह बैस, रामेश्वर चंद्रवंशी, योगेश्वर निषाद, पुष्पराज निषाद,लक्की निषाद, अरुण यादव, मनोज निषाद, दुर्गेश निषाद, आर्यन निषाद, अभय निषाद, सोमदेव निषाद, राकेश निषाद, यशवंत निषाद, परमेश्वर निषाद, राजवा यादव, राजेश यादव, दूजे यादव, फला निषाद, रूपेश निर्मलकर, भुनेश यादव, हेमलाल यादव, हीरालाल यादव, शकुन बाई निषाद, दुलारा बाई निषाद, शशि भाई निषाद, सुनता बाई निषाद, सीताबाई चंद्रवंशी, सोहतीया बाई चंद्रवंशी, पराग बाई निषाद, राधाबाई निषाद, लीलाबाई यादव, बेदिया बाई यादव, पिंकी बाई निषाद, गोमती निषाद , मालती बाई चंद्रवंशी, कुमारी शालू सहित अन्य लोग थे. प्रवेश के इस महत्वपूर्ण अवसर पर परमेश्वर चंद्रवंशी, बालाराम चंद्रवंशी, बीरबल साहू, दयालु साहू, पदमराज टंडन, दिलेश्वरी जायसवाल, भागीरथी साहू, मोतीराम, नेतराम चंद्रवंशी, कोमल साहू, योगेश शर्मा, उपस्थित रहे ।

## आदिवासी समाज की मौन रैली में शामिल हुए विधायक देवेंद्र



**भिलाई, 10 अगस्त।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बुधवार को आदिवासी समाज ने रैली का आयोजन किया। रैली में हजारों की संख्या में शहरवासी शामिल हुए। छत्तीसगढ़ी संस्कृति परंपरा और आदिवासी संस्कृति, सभ्यता, परंपरा की मनमोहक झलक इस रैली में देखने को मिली। साथ ही मणिपुर में हुई घटना का विरोध भी देखने को मिला । आदिवासी समाज के सैकड़ों लोगों ने विरोध में मौन रैली निकाली। सेक्टर 5 में विधायक देवेंद्र यादव ने रैली का फूल मालाओं से स्वागत किया। साथ ही भगवान बूढ़ादेव की विधि विधान के साथ के साथ पूजा अर्चना की और विधायक देवेंद्र यादव ने भगवान बूढ़ा देव से आदिवासी समाज के हित और विकास के साथ ही सभी के जीवन में खुशहाली की प्रार्थना की। पूजा अर्चना के बाद विधायक देवेंद्र यादव समाज के लोगों के साथ रैली में शामिल हुए और मौन रैली का समर्थन किया और मणिपुर में हुई घटना का विरोध किया। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पूरे आदिवासी समाज की ओर से दिल से आभार जताया। विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि आदिवासियों के हित और विकास के लिए उनके समग्र विकास के लिए प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जो प्रयास किया है वह बेहद सराहनीय और ऐतिहासिक है। आदिवासी दिवस पर पूरे प्रदेश में सरकारी अवकाश घोषित करने के लिए आदिवासी समाज की ओर से विधायक देवेंद्र यादव ने सीएम का आभार जताया।

## सीएसपी के अंगूठे में फ्रैक्चर मामले में भाजयुमो कार्यकर्ताओं के खिलाफ किया अपराध दर्ज



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 10 अगस्त।** नेहरू नगर ओवरब्रिज के नीचे गुरुद्वारा रोड पर भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने जर्जर सड़क के मरम्मत कार्य की मांग को लेकर किए गए चक्का जाम के दौरान हुई पुलिस के साथ कार्यकर्ताओं द्वारा की गई धक्का मुक्की से सीएसपी छावनी के बाएं हाथ का अंगूठा फैक्कर मामले में सुपेला पुलिस ने भाजयुमो के रितेश ठाकुर विशाल शाही एवं अन्य के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है। भिलाई नगर सीएसपी निखिल राखेचा ने बताया कि शाम नेहरू नगर ओवरब्रिज के नीचे रोड गुरुद्वारा के पास जर्जर सड़क की मरम्मत की मांग को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे थे प्रदर्शन करते हुए प्रदेश सरकार एवं निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चक्का जाम कर दिया गया सुपेला थाना को जानकारी होने पर नेहरू नगर ओवरब्रिज के समीप कानून व्यवस्था को बनाए रखना सुपेला थाने के उपनिरीक्षक काशीनाथ मंडावी एवं स्टाफ रवाना हुआ था भारतीय जनता पार्टी के युवा कार्यकर्ताओं के द्वारा अपनी कुछ मांगों को लेकर नारेबाजी कर रहे थे अचानक नेहरू नगर ओव्हरब्रीज के नीचे रोड गुरुद्वारा के पास सुपेला में बैठकर नारेबाजी कर चक्का जाम कर मार्ग को अवरोध कर दिये थे सूचना पर वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच कर भाजपा कार्यकर्ताओं को समझाइश देने के दौरान भाजपा के युवा कार्यकर्ता रितेश ठाकुर, विशाल साही, और अन्य ने ड्यूटी पर लगे अधिकारी कर्मचारी जो अपने शासकीय कार्य में व्यस्त थे एवं भीड़ को हटा रहे थे। आरोप है कि भाजयुमो कार्यकर्ता ने शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए बल का प्रयोग कर धक्का मुक्की करने लगे इस दौरान नगर पुलिस अधीक्षक छावनी आशीष बंछोर के बाएं अंगूठे को रितेश ठाकुर ने बलपूर्वक मोड़कर गंभीर चोट पहुंचाया एवं विशाल ने धक्का मुक्की किया रितेश ठाकुर, विशाल शाही एवं अन्य द्वारा की गई इस धक्का मुक्की में छावनी सीएसपी आशीष बंछोर के बाएं हाथ का अंगूठा फैक्कर हुआ है इधर सुपेला थाने के उपनिरीक्षक काशीनाथ मंडावी की रिपोर्ट पर इस मामले में रितेश ठाकुर विशाल शाही एवं अन्य के खिलाफ धारा 147, 186, 332,341,353 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### समिति की बैठक में लिए गए कई निर्णय

**अंवरी।** ग्राम पंचायत जोरातराई में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति की मासिक मीटिंग रखा गया था। जिसमें सभी सदस्यों के सर्वसम्मति से आंगनवाड़ी क्रमांक 3 में सर्वसम्मति से खिड़की में जाली लगाना, आसपास के गड्ढों को मिट्टी से भरना ।

## विधायक की अनुशंसा से निर्माण कार्यों के लिए 28 लाख रुपए स्वीकृत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 10 अगस्त।** पंडरिया विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर की अनुशंसा पर कलेक्टर जनमेजय महोबे ने पंडरिया विधानसभा अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए विधायक मद अंतर्गत 28 लाख 17 हजार 100 रूपए की स्वीकृति दी है। स्वीकृत कार्यों में ग्राम कुवां में सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए 1 लाख 99 हजार 600 रूपए, ग्राम देवरी के कुम्हार पारा में सीसी रोड़ निर्माण के लिए 2 लाख 60 हजार रूपए, ग्राम घिरघोसा में प्रियादास मंदिर के पास सीसीरोड़ निर्माण कार्य के लिए 05 लाख रूपए, ग्राम अमलीडीह में मुख्यमार्ग से रमेश चंद्रवंशी के घर तक सीसी रोड़ निर्माण के लिए 2 लाख 99 हजार 700, ग्राम कृतबांधा में गांधी चौक से वकील चंद्राकर के घर तक मुरूम सड़क निर्माण कार्य के लिए 99 हजार 600 रूपए, ग्राम उड़िया में सीसी रोड़ निर्माण कार्य के लिए 2 लाख 59 हजार 500 रूपए, ग्राम नवागांव खुर्द में मुख्यमार्ग से दैहान तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य के लिए 05 लाख रूपए, ग्राम मगरवाह में मुख्यमार्ग से तालाब तक मुरूम सड़क निर्माण के लिए 2 लाख 99 हजार 500 रूपए, ग्राम मोहगांव में इंदिरा जलाशय पहुंचमार्ग में मुरूम सड़क निर्माण कार्य के लिए 99 हजार 700 रूपए और ग्राम पेन्ड्री में सुकरिया बाई के घर से गौठान तक सीसी रोड़ निर्माण के लिए 2 लाख 99 हजार 500 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। क्रियान्वयन एजेंसी संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कवर्धा और सहसपुर लोहारा को बनाया गया है।

## डेंगू की रोकथाम के लिए किये जा रहे कार्यों का महापौर ने किया निरीक्षण



भिलाई, 10 अगस्त। भिलाई नगर निगम के महापौर एम.आई.सी. मेम्बर, पार्षद के साथ सेक्टर 02 क्षेत्र का भ्रमण कर जल जनित बिमारी विशेषकर डेंगू के बढ़ रहे प्रभाव का जायजा लिया और लोगो से संपर्क कर डेंगू के रोकथाम के लिए आवश्यक उपाय करने एवं सजग रहने की सलाह दी। महापौर नीरज पाल, महापौर परिषद के सदस्य रीता सिंह गेरा, चंद्रशेखर गंवई, पार्षद सेवन ठाकुर, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर एवं अन्य जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों के साथ सेक्टर 02 के घरों में संपर्क कर लोगो से उनकी स्थिति की जानकारी ली। महापौर ने लोगो से कहा की घर में कहीं भी बरसाती पानी को एकत्र न होने दे इसके लिए आवश्यक है कि घर के गमले, कबाड़ में पड़े सामान, पुराने टायर की जॉच करते रहें, अपने घर व आस पास स्वच्छता का ध्यान रखे। निरीक्षण के दौरान महापौर ने निगम द्वारा डेंगू के रोकथाम के लिए किए जा रहे उपायों से संबंधित अधिकारियों से जानकारी लिए लेते हुए टेमिफास वितरण, मैलाथियान का छिड़काव, कूलर व टंकी के जांच को नियमित जारी रखने के निर्देश दिए, और उन्होंने नागरिकों से जल जनित बिमारी के किसी भी तरह की संभावना दिखने पर तत्काल नजदिकी स्वास्थ्य केन्द्र से चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दी। बता दें कि निगम के स्वास्थ्य विभाग का अमला गली-मोहल्लों के घर घर जाकर कूलर, पानी टंकी व अन्य पात्र जिसमें पानी भरा है, उसकी जांच कर आवश्यकता अनुसार खाली करा रहे है, प्रतिदिन कूलर और पानी टंकी की जांच हो रही है ताकि मच्छरों के काटने से होने वाली बीमारियों से आम जन को बचाया जा सके। महापौर नीरज पाल और निगम आयुक्त रोहित व्यास ने डेंगू रोकथाम अभियान को गंभीरता से लेते हुए टीम बनाकर कार्य करने और अधिकारियों को सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए है। मच्छर का लार्वा के रोकथाम के लिए लाउडस्पीकर के माध्यम से जागरूकता के लिए मुनादी भी कराई जा रही है।

### ऑनलाइन सट्टा,6 युवक गिरफ्तार



**भिलाई।** भिलाई आनलाइन सट्टा महादेव एप के ब्रांच नंबर 456 को दुर्ग पुलिस ने ध्वस्त कर दिया। आरोपितों द्वारा सेक्टर वन स्थित विवेकानंद उद्यान में सट्टा खिलाया जाता था। पुलिस को सूचना मिली और पुलिस ने मौके पर से छह युवकों को गिरफ्तार किया। उनके पास से एक लैपटाप, पांच मोबाइल तथा कुछ दस्तावेज बरामद किए गए दुर्ग एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने बताया कि पुलिस को गुप्त रूप से यह सूचना मिली थी कि कुछ युवक सेक्टर वन स्थित विवेकानंद उद्यान में बैठकर आनलाइन सट्टा का संचालन करते हैं सूचना पर भट्टी टीआई विपिन रंगारी व क्राइम व साइबर यूनिट के प्रभारी संतोष मिश्रा को पकड़ने की जिम्मेदारी दी गई। पुलिस ने छापेमारी करते हुए आन लाइन सट्टा महादेव एप के ब्रांच नंबर 456 का संचालन करने वाले तुषार सूर्यवंशी को पकड़ा। तुषार के बयाने के आधार पर पांच अन्य युवक हिमांशु मिश्रा, जतीन चंद्राकर, हिमांशु तिवारी, मिथलेश राजपूत व प्रदीप यादव का नाम बताया टेलीग्राम से मिली थी महादेव एप की आइडी तुषार सूर्यवंशी ने बताया कि उसे टेलीग्राम से महादेव गैमिंग एप की यूजर आइडी मिली थी तुषार कस्टमर आइडी देता था, हिमांशु मिश्रा द्वारा लैपटाप क्वाइन दिया जाता था, हिमांशु तिवारी व जतीन %चंद्राकर आनलाइन डिपाजिट का काम देखते थे वहीं मिथलेश राजपूत व प्रदीप यादव द्वारा आन लाइव विड्राल का काम देखा जाता था आनलाइन गैमिंग एप से होने वाली कमाई सभी आपस में प्रतिशत के आधार पर बांट लेते थे।

## बीएसपी के 3 अधिकारियों को सेल कारपोरेट अवार्ड से किया जाएगा सम्मानित







**भिलाई, 10 अगस्त।** सेल के कार्यपालक अधिकारियों को वर्ष 2021-22 में क्षेत्र विशेष में किए गए उल्लेखनीय कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सेल कॉर्पोरेट अवार्ड से सम्मानित किये जाने की घोषणा की गई है। इसी तारतम्य में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के तीन अधिकारियों को सेल कॉर्पोरेट अवार्ड फॉर एक्सीलेंस से सम्मानित किया जाएगा। अनुसंधान एवं विकास विशेषज्ञ के क्षेत्र में कार्यपालक निदेशक संदीप कुमार कर को, मोटिवेशन गुरु के क्षेत्र में मुख्य महाप्रबंधक अनुप कुमार दत्ता को तथा डिजिटलीकरण मास्टर माइंड के क्षेत्र में एसपी-3 के महाप्रबंधक सौरभ वार्ष्णेय को सम्मानित किये जाने की घोषणा की गई है। कार्यपालक निदेशक संदीप कुमार कर जो पूर्व में पुरस्कार के लिए शीर्ष समिति द्वारा विचार किए जाने के समय बीएसपी में सीजीएम के रूप में कार्यरत थे, ने बाजार में सेल को मजबूती प्रदान करने हेतु नवीन तकनीक की शुरुआत के लिए 'अनुसंधान और विकास विशेषज्ञ' श्रेणी के तहत पुरस्कार के लिए चयनित किये गये हैं। मुख्य महाप्रबंधक ए के दत्ता ने वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान गुमनाम नायकों के काम को मान्यता देने, महीने के साथी, कर्मचारी जन्मदिन समारोह, 'योग से निरोग' पर योग कार्यशालाएं आदि के लिए विभिन्न अभिनव कर्मचारी जुड़ाव और प्रेरणा कार्यक्रम शुरू किए हैं। महाप्रबंधक सौरभ वार्ष्णेय ने अपने कार्य क्षेत्र में कई इडस्ट्री 4.0 परियोजनाएं शुरू की हैं जो सिंटर प्लांट-3 के काम करने के तरीके और प्रदर्शन में परिवर्तनकारी बदलाव लाएंगी। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने पुरस्कार विजेताओं को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और उन्हें इसी भावना के साथ काम करने और भविष्य में इसी तरह की उपलब्धि हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। सेल की अन्य इकाइयों से भी विभिन्न श्रेणियों में व्यक्तिगत पुरस्कार के लिए कार्यपालकों का चयन किया गया है। सेफ्टी लीडर में डीएसपी के महाप्रबंधक ए के तिवारी, कॉस्ट चैम्पियन एवं फाइनेंस विजार्ड में आरएसपी के सीजीएम एस के नायक, उत्पादकता विशेषज्ञ में सीएफपी के कार्यपालक निदेशक के रामकृष्ण, इनोवेशन आर्किटेक्ट में संयुक्त रूप से आरएसपी के सीजीएम आर के मुदुली और आईएसपी के प्रबंधक आर एस पांडे, मार्केटिंग पंडित-फरीदाबाद, सीएमओ, महाप्रबंधक रितेश त्र्सुराज, दिव्यांगजन के लिए रोल मॉडल पुरस्कार-बीएसएल के वरिष्ठ प्रबंधक रंजीत कुमार तथा महिला ट्रेलब्लेजर में संयुक्त रूप से-आरएसपी की महाप्रबंधक प्रभारी सुश्री आशा एस करथा और डीएसपी की महाप्रबंधक सुश्री आशा बाजपेयी।

## एक नजर

### मुसरा स्टेशन वेटिंग हाल में महिला की लाश मिली

**डोंगरगढ़, 10 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 07 अगस्त को शासकीयअस्पताल डोंगरगढ़ एवं स्टेशन मास्टर मुसरा के द्वारा लिखित मेमो प्राप्त हुआ कि एक अज्ञात महिला उम्र करीबन 50-55 वर्ष स्टेशन मुसरा वेटिंग हाल में अचेत हालत में मिलने पर एम्बुलेंस से सामुदाईक अस्पताल डोंगरगढ़ भेजा गया था जिसे डॉक्टर द्वारा मृत घोषित किया गया। सुचना मेमो पर से जीआरपी थाना डोंगरगढ़ में मर्ग क्रमांक 12 / 23 धारा 174 जा फौ कायम कर जाँच मर्ग पंचनामा कार्यवाही में लेकर अज्ञात मृतिका के वारिसो की तलाश हेतु क्र/रूएवं इस्तेहार जारी किया गया व आम लोगों से अपील की गई है कि उपरोक्त मृतिका का हुलिया पहचान कर थाना को सूचित करें।

### नेहरु कालेज में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम




**डोंगरगढ़, 10 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में महहाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ.ई.व्ही. रेवती के निर्देशन में 8 अगस्त को सत्र 2023-24 में बी.ए., बीकॉम. एवं बीएससी प्रथम वर्ष में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को इंडक्शन प्रोग्राम (प्रेरण) कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में द्वितीय कमांडिंग आफिसर 40 वीं बटालियन आईटीबीपी तरूण कुमार बंजारी एवं डिप्टी कमांडेंट आईटीबीपी डोंगरगढ़ ज्योति प्रकाश उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों एवं प्राचार्य द्वारा मां सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर अतिथियों एवं प्राचार्य का स्वागत किया गया। वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष जी.के. यादव द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को इंडक्शन प्रोग्राम में उपस्थित मुख्य अतिथि आईटीबीपी के अधिकारी तरूण कुमार बंजारी एवं ज्योति प्रकाश का जीवन संक्षिप्त जीवन परिचय से अवगत कराया एवं बताया किस प्रकार दोनो अधिकारियों ने छोटे से शहर अपनी प्राथमिक शिक्षा की शुरूआत कर नेवी एवं विभिन्न प्रशासनिक पदों पर रहते हुए लोक सेवा आयोग एवं संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा के माध्यम से कडे परिश्रम एवं अपनी लगन से इस मुकाम तक पहुंचे है एवं आज युवाओ के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती ने कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित समस्त छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश हेतु बधाई दी एवं पढाई के साथ-साथ तकनीकी ज्ञान के माध्यम आज के जीवन में उपयोग होने वाले ईमेल, वेबसाइट का प्रयोग कर अपने ज्ञान को बढ़ाने के साथ-साथ महाविद्यालय की अन्य गतिविधियों में बढचढकर भाग लेने की बात कही।

## निधन

### आशा बाई साहू

**राजनांदगांव, 10 अगस्त।** श्री राम पुरम कालोनी फरहद निवासी, विजय कुमार साहु की माता आशा बाई साहु का निधन दिनांक 9 अगस्त को हो गया है जिनका तीजनाहवन का कार्यक्रम दिनांक 11 अगसत दिन शुक्रवार को, पचनाहवन, एवं संपूरण कार्यक्रम दिनांक 13 अगस्तको निज निवास फरहद में होगा, आशा बाई साहु अपने पीछे भरापुरा परिवार छोड़ गये उनके देवर सालिक राम साहु व नाती शंकर लाल साहु है उनकी शवयात्रा में राम पुरम कालोनी के गणमान्य नागरिकगण शामिल हुए जिनमें वेदराम साहु, तारेनद साहु, भानुराम साहु, महिपाल, जागेश साहु, दिनेश नामदेव, विरेनद साहु, जितेनद यदुवंसी, संजु साहु, बाबू लाल देवांगन, अखिलेश सिनहा, राजु ठाकुर, अशोक कुडे, पियुश देवांगन, हुकुम साहु, मोहन साहु, सोनी, कुंदन ठाकुर, अरविंद साहु, संतोष टांडेकर, सरि साहु, देशलहरे सर, किरती साहु, नागवंसी सर, सुरज हरिहारनो, प्रमोद ठाकुर, और समस्त राम पुरम कालोनी व फरहद ग्राम पंचायत के वरिष्ठ नागरिक गण शामिल हुए।



# योजनाओं से आदिवासियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा: दलेश्वर साहू

- विश्व आदिवासी दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन
- शासन आदिवासियों की संस्कृति एवं लोककला के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कर रहा विशेष प्रयास
- हितग्राहियों को किया गया विभिन्न योजनाओं के तहत सामग्री वितरण
- सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 10 अगस्त।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आज पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं विधायक डोंगरगांव दलेश्वर साहू के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि वर्तमान शासन द्वारा आदिवासियों के हित में अनेक निर्णय लिए गए है और शासन की विभिन्न कल्णकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इन योजनाओं के माध्यम से आदिवासियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा अनेक नियम-अधिनियम बनाकर आदिवासियों को लाभान्वित किया गया है। एक ओर आदिवासियों को वनाधिकार पट्टा प्रदाय किया गया है। वही दूसरी ओर इन्हें शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रों में योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य अंत्याव्यवसायी वित्त विकास निगम के अध्यक्ष धनेश पाटिला, महापौर हेमा देशमुख, कलेक्टर डोमन सिंह, जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे। अपने उद्बोधन में दलेश्वर साहू ने कहा कि राज्य शासन द्वारा आदिवासियों की संस्कृति एवं लोककला के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए राज्य शासन द्वारा विशेष प्रयास किए गए है। विशेष प्रयासों की कड़ी में विश्व आदिवासी महोत्सव का आयोजन प्रदेश की राजधानी में किया जाता है, जहां राज्य के आदिवासी भाई अपने समृद्ध कला एवं संस्कृति का प्रदर्शन करते है, वही दूसरी ओर अन्य प्रदेशों से आए आदिवासी कलाकारों से उनकी संस्कृति, लोककला और अन्य तथ्यों से अवगत होने का अवसर मिलता है।



कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य अंत्याव्यवसायी वित्त विकास निगम के अध्यक्ष धनेश पाटिला ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण एवं एतिहासिक है। आज ही के दिन अगस्त क्रांति दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ में आदिवासियों के आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक सुधार को ध्यान में रखकर इस दिवस को मनाने का निर्णय लिया गया और वर्तमान में राज्य शासन द्वारा विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान शासन द्वारा आदिमजाति वर्ग के उत्थान के लिए अनेक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है और इससे बड़ी संख्या में आदिवासी वर्ग के लोग लाभान्वित हो रहे है। उन्होंने कहा कि लोहंडीगुड़ा में शासन द्वारा किसानों की जमीन वापस की गई। वही शासन द्वारा वर्तमान में 4 हजार रूपए मानक बोरा की दर से तेंदूपत्ता की खरीदी की जा रही है। पहले जहां शासन द्वारा 7 प्रकार के लघु वनोपज समर्थन मूल्य पर क्रय किए जाते थे, वही वर्तमान में 65 प्रकार के वनोपजों की खरीदी शासन द्वारा की जा रही है। इससे आदिवासी भाईयों को आर्थिक मजबूती मिली है और उनके जीवन में व्यापक बदलाव आया है। महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि आज राज्य शासन द्वारा आदिवासी समुदाय वनोपज की खरीदी की जा रही है। उनके द्वारा उत्पादित रागी, कोदो, कुटकी को विशेष महत्व देकर उनकी खेती को प्राथमिकता दी गई है। वही उन्हें वनाधिकार पट्टा देकर सशक्त बनाया गया है। इस अवसर पर कलेक्टर डोमन सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि राज्य शासन द्वारा आदिवासी समाज के लिए विकास की अनेक योजनाओं का वृहद स्तर पर संचालन एवं क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसके लिए शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य योजनाओं का विशेष रूप से आदिवासी समाज लाभ उठाने के लिए आगे आएं। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में वन, कृषि, पशुधन, स्वास्थ्य, उद्यानिकी, शिक्षा एवं जिला पंचायत द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया जाएगा। इस दौरान शालेय छात्राओं द्वारा आदिवासी लोक परंपरा एवं संस्कृति पर आधारित लोक नृत्यों की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य कांति भण्डारी, राजगामी संपदा न्यास के अध्यक्ष विवेक वासनिक, माया शर्मा, किशन खण्डेलवाल, सतबती वर्मा, घनश्याम नायक, परमानंद ठाकुर, तिलक ऐमला, हेमसिंग निर्मलकर, अन्य जनप्रतिनिधि, वनमंडलाधिकारी सलमा फारूकी सहित अधिकारी-कर्मचारी, आदिवासी समाज के पदाधिकारी व सदस्य, नागरिकगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम में हितग्राहियों को सामग्री वितरणः विश्व आदिवासी दिवस क अवसर पर राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत हितग्राहियों को सामग्री वितरण एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसके तहत वन विभाग द्वारा 103 हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र, कृषि विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को बैटरी आपरेटेड स्पेयर एवं 10 हितग्राहियों को सौर सुजला योजना के तहत सोलर पंप स्थापना हेतु पंजीयन पत्र, पशुधन विकास विभाग द्वारा 19 हितग्राहियों को बैकयार्ड कुक्कुट इकाई का वितरण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को पीवीसी आयुष्मान कार्ड, शिक्षा विभाग द्वारा 19 विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ महिला कोष अंतर्गत स्वसहायता समूह को ऋण प्रदाय के तहत ग्राम मानिकपुर के जय माँ सरस्वती स्वसहायता समूह को 1 लाख रूपए का ऋण, उद्यानिकी विभाग द्वारा 1 हितग्राहियों को पैक हाऊस निर्माण पर 2 लाख रूपए का अनुदान एवं 5 हितग्राहियों को फलदार पौधों, वन विभाग द्वारा 8 हितग्राहियों को प्रोत्साहन पारिश्रमिक, लघु वनोपज एवं प्रसंस्करण के संबंध में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में शामिल आदर्श ग्राम झाड़ीखेड़ी के 10 प्रशिक्षणार्थियो को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इसके अलावा आवासीय विद्यालय व छात्रावासों के कक्षा 10वीं-12वीं के छात्रों द्वारा परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन, प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल छात्र तथा खेल के क्षेत्र में विशेष उपपब्धियों के लिए छात्रों को सम्मानित किया गया।

# छुरिया ब्लाक के शिक्षक ने एरियर्स पाने फर्जी तरीके से शासन को लगाया लाखों का चूना?

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया, 10 अगस्त।** राजनांदगांव जिले छुरिया विकासखंड के ब्लाक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एक शिक्षक ने बीईओ कार्यालय के अधिकारी कर्मचारियों संग मिलकर एरियस राशि हजम करने अपना फर्जी गढ़ना कराकर लगभग 11 लाख से अधिक राशि का गड़बड़ घोटाला कर राशि हजम कर ली है, ऐसी जानकारी है, ?

जानकारी अनुसार बीईओ कार्यालय छुरिया में एक शिक्षक का फर्जी तरीके से एरियस के लिए गढ़ना कर शासन का लगभग 11 लाख से अधिक का चुना लगाया है, जबकि उक्त शिक्षक का प्रथम न्युक्ति 2005 में शिक्षक पंचायत के पद पर छुरिया ब्लाक में ही हुई थी जो 2010 में अपने निजी कारणों से पद से त्यागपत्र दे दिया था, ? जिनका पूर्ण सर्विस अवधि 5 वर्ष रही, जिसके बाद उक्त शिक्षक ने 2010 के शिक्षाकर्मी भर्ती में शामिल व चयनित होकर शिक्षाकर्मी वर्ग ङ्क एक में नवीन पदस्थापना चौकी ब्लाक ले ली उसी दौरान उक्त शिकक ने अपना स्थान्तरण छुरिया ब्लाक में फिर से करा लिया जो वर्तमान में भी पदस्त है,

ज्ञात हो कि कुछ पंचायत शिक्षको द्वारा माननीय उच्च नयायालय में एरियस राशि को लेकर याचिका दायर किया था, जिसके फैसले में कोर्ट ने सरकार को कहा था कि शिक्षको एरियस राशि का भुगतान करे, उक्त फैसले पर शासन द्वारा पंचायत विभाग को आदेश जारी करते हुए ऐसे शिक्षको का गढ़ना करने कहा गया जिसका शिक्षक पंचायत के रूप में 8 वर्षो का कार्यकाल हो व ऐसे शिक्षक भी जिनका वर्तमान में निम्न से उच्च पद में चयनित भी हो गए हो उसे भी एरियस हेतु पात्र मानकर एवं सर्विस अवधि का गढ़ना कर एरियस राशि दी जाये, ?

परन्तु उक्त शिक्षक ने अपने शिक्षक पंचायत के 5 वर्ष की अपनी सर्विस अवधि को 8 वर्षो की गढ़ना में शामिल करने अपनी दूसरी भर्ती शिक्षाकर्मी वर्ग ङ्क एक को भी फर्जी तरीके से शामिल करा कर लाखो हजम करने के उदेश्य से एरियस का गढ़ना कराया, उक्त शिक्षक के प्रथम नियुक्ति शिक्षक पंचायत जो कि वे 2005 से 2010 तक सिर्फ 5 वर्षो तक किया, जो एरियस भुगतान के लिए पात्र नहीं हो रहे थे, पर एरियस राशि पाने उक्त शिक्षक ने अपनी प्रथम नियुक्ति से वर्तमान नियुक्ति को जोड़ दिया गया, जिससे वे 8 वर्षो कि सर्विस अवधि में आ गया और फर्जी तरीके से शासन का लाखो का चुना लगाया है, जिसकी जाँच कर 420 का अपराधिक प्रकरण दर्ज करने का मामला बनता है,

### रैली निकालकर किया आक्रोश व्यक्त

# ज्ञापन सौंपकर मनाया आदिवासी दिवस



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 10 अगस्त।** तहसील गोंड़ समाज ने 9 अगस्त विश्व आदिवासी मूल निवासी दिवस आक्रोश रैली निकाल कर मनाया। रैली में हजारों की संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। रैली की शुरुआत रानी दुर्गावती प्राँगण छीरपानी रोपवे के पास सुबह 10 बजे से बड़ी संख्या में स्वजातीय लोग इकट्ठा होकर आक्रोश रैली निकाल मणिपुर के दोषियो को फाँसी दो यूसीसी कोर्ट को बंद करो सहित मणिपुर सरकार को बर्खास्त करो का नारे लगाते रहे। रैली मंदिर प्रांगण से जयस्तंभ चौक से रेल्वे चौक, बुधवारी, गोलबाजार, बैगा बाबा, बैगिन दाई की सेवा अर्जी करते हुए गोंडवाना चौक में सभा का आयोजन कर समाज के प्रमुख लोग एवं नगर पालिकाध्यक्ष सुदेश मेश्राम ने रैली को सम्बोधित किया। सम्बोधन करने वाले में गोंड़ समाज के तहसील अध्यक्ष संतोष पडौती, हल्बा समाज से सुधाकर सर कण्डरा समाज से मनोहर कण्डरा राजेश नेताम मदन खुरशयाम उमा धुर्वे बरमत छेदईयाआदि ने विश्व आदिवासी दिवस मनाने की विस्तार से जानकारी दी। इसी कड़ी में पालिकाध्यक्ष सुदेश मेश्राम ने कहा कि यह जनजाति समाज जल जंगल जमीन के मालिक है। इन लोग यहाँ के मूल निवासी हैं। अध्यक्ष मेश्राम से समाजिक लोगों के द्वारा गोंडवाना चौक पर एक मंच व सौंदर्य करण एवं उस स्थान पर ट्रांसफार्मर लगा हुवा है उसे अन्यत्र स्थान पर लगाने का निवेदन किया गया जिस पर नपाध्यक्ष मेश्राम ने शीघ्र नपा के इंजीनियर को भेज कर स्टीमेट बनवाने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर समाज के सन्तोष पडौती ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण दिन हैं पर क्या करे वर्तमान में उत्तर प्रदेश मध्यप्रदेश मणिपुर में हमारे आदिवासी समाज पर अत्याचार किया जा रहा हैं वह ब्रिटिश काल व मुगल काल सहित अंग्रेजों के शासन काल मे हमारे समाज के साथ जो नही हुवा था आज के शासनकाल में हो रहा है। जो बहुत ही शर्मनाक है। आदिवासी समाज अब जाग रहे हैं। यदि इस तरह कृत्य नही रुक पाया तो पूरे भारत में युद्ध के लिए हम तैयार है। पडौती ने कहा कि आज तक फिर भी वहाँ की सरकार कुछ नहीं कर रही हैं। इसी लिये आज हम उनके खिलाफ जन आक्रोश निकाल कर केंद्र सरकार को अवगत करा रहे हैं। संबोधन के पश्चात समाज प्रमुखों ने तहसीलदार को महामहिम राष्ट्रपति राज्यपाल प्रधानमंत्री विधिक आयोग भारत सरकार नई दिल्ली मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। इस बीच समाज के अध्यक्ष संतोष पडौती उपाध्यक्ष नरोत्तम कुंजाम बलराम धुर्वे संरक्षक तीजउ मण्डावी सदा राम नेताम एम एल धुर्वे रुदन उईके राजेश नेताम प्रवीण मण्डावी फिरतु पडौती भग्गू राम मण्डावी प्यारे सलामे नंदलाल कोहकोटा भारत किशोर नेताम भुमका मदन उइके मयाराम मंडलोई मनोज नेताम पुरषोत्तम भल्लावी भीषम ठाकुर मदन मण्डावी कंवर समाज से हिर्दय कंवर रवि चंद्रवंशी हल्बा समाज से रावटे सर आदि स्वजातीय गण भारी संख्या में शामिल रहे।

# 12 को निकलेगी बाबा महाकाल चंद्रमौलेश्वर की शोभायात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़, 10 अगस्त।** धर्मनगरी डोंगरगढ़ महावीर प्रांगण शिव भक्तों की बैठक सम्पन्न हुई सावन के पुरुषोत्तम मास में बाबा महाकाल चंद्रमौलेश्वर रूप में बाबा की भव्य पालकी शोभायात्रा 12 अगस्त 2023 शनिवार को दोपहर 2 बजे महावीर मंदिर प्रांगण से निकला जाना तय किया गया जिसमे महाकाल मंदिर सिंघोला राजनांदगांव के प्रमुख पवन डागा व नीलू शर्मा ने बताया बाबा 12 बजे डोंगरगढ़ पधारे गे जिसमे सर्वप्रथम मां बम्लेश्वरी मंदिर में शिव शक्ति का मिलन पूजा अर्चना ततपश्चात महावीर मंदिर प्रांगण में हरिहर का मिलन पूजन के बाद मंदिर प्रांगण से पालकी नगर भ्रमण के लिए निकलेगी जिसमे अखाड़ा, धुमाल, शिव लीला, भजन टोली, झांझ मंजीरा, डमरू टोली, बाबा की पालकी, बाजा गाजा, महाकाल झांकी का दर्शन भक्तो को मिलेगा सभी महाकाल भक्त पारंपरिक वेशभूषा पुरुष वर्ग कुर्ता पैजामा/धोती बनियान महिला वर्ग साड़ी/सूट में उपस्थित होवे व जिन मार्गो से पालकी जानी है उन स्थानों पर समाजो व संगठनों द्वारा स्वागत पुष्प वर्षा की व्यवस्था की जाय ये प्रयास करे माताएं अपने घर मे बच्चो को शिव पार्वती, हनुमान राम कृष्ण की वेशभूषा में तैयार कर के लाये।

लाइव भजनों की रहेगी प्रस्तुति जिसमे नगर के भजन गायक निखिल जैन, मयूर बिंदल व मयंक बिंदल के भजनों का आनंद बाबा भक्तो को मिलेगा। इन मुख्यमार्गो से निकलेगी पालकी जिसमे महावीर मंदिर से शीलता मन्दिर एक्सिस बैंक रोड, गोल बाजार, हनुमान चौक, सेठ पारा, जयस्तंभ चौक, टॉकीज चौक, रेलवे चौक, बुधवारी पारा, भडारी चाल, जैन मंदिर रोड़, भगत सिंह चौक, मुन्नु बाबा गली, नया बस स्टैंड, पिपलेश्वर महादेव मंदिर कचहरी चौक, ठेठवार पारा शिव मंदिर में महाआरती प्रसादी समापन किया जाना तय किया गया।

बैठक में मुख्य रूप से राजनांदगांव से महाकाल भक्त पवन डागा, नीलू शर्मा, योगेश पांडे, राजेश डागा, प्रशांत अग्रवाल, राकेश यादव हेतल भोजवानी, भावेश शर्मा पुनीत ठकर, गोलू ठाकुर, प्रह्लाद सिन्हा, ओमकार सिंह ठाकुर, चन्द्रभान साहू डोंगरगाव से सुनील टावरी साथ ही नगर के सभी समाज प्रमुख समिति संगठन व राजनैतिक दल के सदस्य व नगर के वरिष्ठजन उपस्थित रहे जिसमे सुनील तापड़िया, विश्वनाथ यादव, धीरेंद्र प्रताप सिंह, आशीष शुक्ला, गोपाल खेमुका, गोविंद चोपड़ा, अमित जैन आदि मौजूद थे।

## समाचार संक्षेप

### मुख्यमंत्री करेंगे ठाकुर प्यारेलाल सिंह की प्रतिमा का अनावरण

**राजनांदगांव, 10 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज जिले के प्रवास पर रहेगें। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारे लाल सिंह के जन्मस्थली ग्राम सेम्हरादैहान में ठाकुर प्यारेलाल सिंह की प्रतिमा का अनावरण करेंगे तथा ग्राम डुमरडीहकला में किसान-मजदूर सम्मेलन में शामिल होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री बघेल द्वारा 93 करोड़ 61 लाख 75 हजार रूपए के 110 विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया जाएगा, जिसमें 57 करोड़ 37 लाख 78 हजार रूपए की लागत के 98 विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा 36 करोड़ 23 लाख 97 हजार रूपए की लागत के 14 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री बघेल द्वारा शासन की संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 538 हितग्राहियों को 1 करोड़ 16 लाख 15 हजार रूपए की सामग्री का वितरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत विभाग के अंतर्गत 1 करोड़ 91 लाख रूपए की लागत के 71 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया जाएगा। इसी तरह कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग राजनांदगांव के अंतर्गत 20 करोड़ 91 लाख 52 हजार रूपए की लागत से 2 विकास कार्य, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के अंतर्गत 40 लाख 40 हजार रूपए की लागत के 2 विकास कार्य, सीजीएमएससी राजनांदगांव अंतर्गत 6 करोड़ 86 लाख 84 हजार रूपए की लागत के 16 विकास कार्य तथा कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत 27 करोड़ 28 लाख 2 हजार रूपए की लागत के 7 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया जाएगा। जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत 25 लाख 86 हजार रूपए की लागत के 4 विकास कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा। इसी तरह कार्यपालन अभियंता सेतु निर्माण राजनांदगांव अंतर्गत 23 करोड़ 61 लाख 27 हजार रूपए की लागत के 4 विकास कार्य, सीजीएमएससी राजनांदगांव अंतर्गत 1 करोड़ 76 लाख 64 हजार रूपए की लागत के 5 विकास कार्य एवं कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग अंतर्गत 10 करोड़ 60 लाख 20 हजार रूपए की लागत के 1 विकास कार्य का लोकार्पण किया जाएगा। इसी तरह श्रम विभाग अंतर्गत 312 हितग्राहियों को 62 लाख 40 हजार रूपए के मिनीमाता महतारी जतन योजना अंतर्गत चेक वितरण, नोनी सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत 160 हितग्राहियों को 32 लाख रूपए का चेक वितरण, सियान सहायता योजना के अंतर्गत 44 हितग्राहियों को 8 लाख 80 हजार रूपए का चेक वितरण, श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के अंतर्गत 10 हितग्राहियों को 10 लाख रूपए का चेक वितरण तथा मुख्यमंत्री नोनी, बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत 1 हितग्राही को 1 लाख रूपए का चेक वितरण किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत स्वसहायता समूह को 1 लाख रूपए का ऋण प्रदाय किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आगमन को लेकर कांग्रेसियों में खुशी की लहर



**डोंगरगढ़, 10 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आगमन को लेकर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसियों में खुशी की देखी जा रही है और आगमन की तैयारियों को लेकर विधायक भुनेश्वर बघेल ने डोंगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक के पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देने हेतु बैठक आहुत की। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आगमन 10 अगस्त को स्वतंत्रता सेनानी ठाकुर प्यारेलाल की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम के लिए सेम्हरा दैहान में होने जा रहा है तथा मंच कार्यक्रम डुमरडीह में होगा जिसके अंतिम तैयारी के लिए डोगरगढ़ विधायक भुवनेश्वर बघेल डोगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी निर्वाचित जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ नेताओं के साथ राय सुमारी की और बुथ, सेक्टर, ब्लॉक लेवल पर जिम्मेदारी दी। मुख्यमंत्री के आगमन पर डोगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस की ओर से नागतराई में हाई स्कूल और घोटिया से कोहकट्टा बरनारा पहुंच मार्ग पक्की सड़क निर्माण हेतु आवेदन दिया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश महिला कांग्रेस सचिव संध्या देशपांडे, जिला पंचायत सदस्य पुष्पा वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ वैष्णव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहेल खान, महिला ब्लॉक अध्यक्ष लता साहू, व्यापार प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष राजू राजपूत, पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष फागू वर्मा, जोन प्रभारी राजू वर्मा, पंचराम चंदेल, जिला कांग्रेस संयुक्त महामंत्री कमलेश वर्मा, नेतराम साहू, सेक्टर प्रभारी सामसाय टांडेकर, योधन दास साहू, दिनेतू प्रकाश जांगड़े, लाला राम वर्मा, मंडी सदस्य फिरंगी पटेल, आरती वर्मा, बूथ अध्यक्ष छतरी वर्मा, पार्वती मंडावी, गौतम वर्मा, टुमन नेताम, विश्वनाथ कंवर, रुपेश वर्मा, कीर्तन मंडावी, तोरण प्रसाद भारती, दयालदास साहू, टीका वर्मा, टुमन लाल साहू, तोरण प्रसाद भारती पोमेश कुमार, कमलेश ( पिंटू) वर्मा, मोहन सिंग, कचरू राम, टुमेश नेताम, महेश्वर दास, शालिक राम, राम चरण, कमल, बेनू राम, राजेश मंडावी, धर्मेंद्र कुमार, ओमकार मेश्राम, प्रीतम साहू, कीर्तन राम, धनु पटेल, राजकुमार, हरक पटेल, राजेंद्र श्रीवास, पन्नालाल धुर्वे, धिरन चेलक एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### क्रांति दिवस व विश्व आदिवासी दिवस पर शहर कांग्रेस ने किए विविध आयोजन, शहर कांग्रेस ने किया आदिवासी समाज के वरिष्ठों का सम्मान

# आदिवासी समाज को आगे बढ़ाने व हक दिलाने का काम कर रही भूपेश सरकार: कुलबीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 10 अगस्त।** क्रांति दिवस (भारत छोड़ो आंदोलन) पर 09 अगस्त को कांग्रेस भवन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को यादकर विनम्र श्रद्धांजलि दी गई एवं विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासी समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान समारोह का आयोजन कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में 09 अगस्त को क्रांति दिवस एवं विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। समारोह में सर्वप्रथम वरिष्ठजनों द्वारा महात्मा गांधी व शहीद वीरनारायण सिंह के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर समारोह का शुभारंभ किया। तत्पश्चात छग गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष मन्ना यादव, छग अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष हफीज खान, छग खादी एवं ग्रामोद्योग के सदस्य श्रीकिशन खंडेलवाल, दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष गेमू कुंजाम व आदिवासी समाज के सुशीला नेताम ने समारोह को संबोधित किया। तत्पश्चात कांग्रेस संगठन द्वारा आदिवासी समाज के वरिष्ठजनों का फुलमाला व श्रीफल से सम्मानित किया गया।



छग अंत्यावसायी वित्त विकास निगम के अध्यक्ष धनेश पाटिला ने सर्वप्रथम क्रांति दिवस पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन कर करते हुए कहा कि जल, जंगल, जमीन की रक्षा करने वाले हमारे आदिवासी भाईयों को संविधान निर्माताओं द्वारा विशेष अधिकार देकर उनका संरक्षण व संवर्धन कर उनकी क्षैक्षणिक व सामाजिक कार्यों में भागीदारी कर सम्मान किया है। छग के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर आदिवासी भाईयों को उनका हक व जमीन वापस दिलाई है वहीं आदिवासी दिवस पर छग सरकार द्वारा शासकीय अवकाष घोषित किया है जिसके लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करता हूं।

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि क्रांति दिवस पर आज ही के दिन अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन की शुरूआत करने वाले पूज्य महात्मा गांधी, शहीद वीर नारायण सिंह व स्वंत्रतता संग्राम सेनानियों को मैं विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। अध्यक्ष छाबड़ा ने कहा कि हमारा छत्तीसगढ़ आदिवासी बाहुल्य प्रदेश है और हमारे मुखिया आदिवासी भाईयों को प्रोत्साहित करने व उन्हें आगे बढ़ाने के लिए कई जनहितकारी योजनाएं चला रहे हैं और निरंतर हमारा प्रदेश विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। वहीं छत्तीसगढ़ सरकार क्षेत्रीय भाषा व धर्म संस्कृति को बढ़ावा दे रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आदिवासी भाईयों को उसकी जमीन व अधिकार दिलाने का काम किया है। विश्व आदिवासी दिवस पर शासकीय अवकाश घोषित कर आदिवासी भाईयों का मान बढ़ाया है।

**इनका हुआ सम्मान:** रामप्रसाद ठाकुर, उमर सिंह, निशु शाह, सुनील नेताम, गेमू कुंजाम, रामसिंग ठाकुर, बती बाई नेताम, सुशीला नेताम, मथुरा पटौदी, ईश्वरी नेताम, मोतीलाल नेताम, शंकरलाल ठाकुर, कार्तिक राम ठाकुर, कैलाश सलामे, मानसिंह कतलाम, विक्की नेताम का हुआ सम्मान।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश डाकलिया, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहम्मद यहया, महामंत्री झम्मन देवांगन, मोहिनी सिन्हा, अल्प संख्यक जिला अध्यक्ष शकील रिजवी, पार्षद सिद्धार्थ डोंगरे, पूर्णिमा नागदेवे, मनीष साहू, महेश साहू, संगीता साहू, अतुल शर्मा, सुरेन्द्र देवांगन, शैलेश ठावरे, भोला यादव, मुस्तफा जोया, विशु अजमानी, अभिमन्यु मिश्रा, संदीप सोनी, अरूण साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे। उपस्थित कांग्रेसजनों का शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी ने आभार व्यक्त किया।

## संपादकीय

# कोई पहल तो की गई

देश में एक युग खत्म होता है और दूसरा युग शुरू होता है तो बहुत कुछ बदलता है। इस बदलाव को देश के लोग महसूस करते हैं।2014 के बाद देश में बहुत कुछ बदला है। आर्थिक,सामाजिक,राजनीतिक हालत बदले हैं। राज्यों में कई तरह के बदलाव आए हैं जिन सीमा के कई राज्य जो बरसों अशांत रहे अब शांति की राह पर चल रहे हैं। मणिपुर जैसे एक दो राज्य में प्रायोजित हिंसा के जररिए जरूर यह बताने की कोशिश की जा रही है कि भारत में शांति नही हैं लेकन मणिपुर को छोड़ दिया जाए तो राज्यों में 2014 के पहले जिस तरह दंगे होते थे, आतंकवाद की घटनाएं होती थी, अब नहीं होती हैं। देश के राज्यों का विकास,शांति देश के लोगों को अच्छी लगनी चाहिए लेकिन कुछ लोग हमेशा होते हैं जिन्हें देश में शांति अच्छी नहीं लगती है। देश का विकास उन्हें अच्छा नहीं लगता है। ऐसे लोग प्रायोजित आंदोलन, प्रायोजित हिंसा के जरिए देश को बदनाम करते हैं। ऐसे लोग हैं जो चीन से पैंसे लेकर देश विरोधी काम करते हैं। इसमें कुछ मेन स्ट्रीम से बाहर निकाल दिए पत्रकार भी हैं। जो पत्रकारिता की आड़ में देश विरोधी काम करते हैं। ये ऐसे पत्रकार हैं जो मेन स्ट्रीम मीडिया व पत्रकार को गोदी मीडिया कहकर खुद को स्वतंत्र पत्रकार कहते हैं। ऐसे लोगों का मेन टारगेट पीएम मोदी व देश है। वह मोदी की आड़ में देश विरोधी एजेंडा चलाते हैं। ऐसे ही एक एजेंडा का खुलासा न्यूयार्क टाइम्स ने किया है। ऐसे लोगों से होशियार रहने की जरूरत है तथा देश में हो रहे सकारात्मक बदलाव को देखन व उसकी तारीफ करने की जरूरत है।कश्मीर में धारा-370 हटने के बाद कई सकारात्मक बदलाव हुए है तथा आगे भी होने की उण्मीद हैं। एक सकारात्मक बदलाव की खबर मोहर्रम में कश्मीर से आई थी जब वहां तीन दशक के बाद श्रीनगर में मोहर्रम का जुलूस निकला था। जिसमें उत्साह से वहां के लोगो ने भाग लिया था। इससे पहले ऐसा होता नहीं था क्योंकि आंतकवादी हमले का खतरा रहता था। न लोग ताजिया निकालते थे न प्रशासन इस बात की इजाजत देता था। अब एक और सकारात्कम बदलाव देखने को मिल रहा है। यह है कश्मीरी पंडितों की हत्या की फिर से जांच की शुरुआत।इसकी शुरुआत सरकार ने सेवानिवृत्त जज नीलकंठ गंजू की हत्या की एसआईए की जांच से की है। कश्मीरी पंडितों के अनुसार आतंकवाद के दौर में 700 कश्मीरी पंडितों की हत्या की गई थी। सरकारी आंकड़ों में यह संख्या मात्र229 है। कुल 182 मामले दर्ज किए गए हैं।इसमें कश्मीरी पंडितों की हत्या संबंधी दो मामलों में ही नामजद रिपोर्ट है। किसी भी मामले में अब तक आरोप पत्र तक जारी नहीं किया गया है। सरकार की ताजा पहल से उम्मीद जगी है कि लोगों की ओर से दिए गए साक्ष्यों से कई हत्याकांड के राज खुल सकते है। शुरुआत रिटायर जज नीलकंठ गंजू के मामले से हुई है। कुछ लोग कह सकते हैं कि तीन चार दशक पुराने मामलों में अब क्या हो सकता है। सकारात्मक बात यह है कि देश में इतने वर्षो बाद आतंकवाद के मामले कश्मीर में कोई पहल तो की गई है। अब तक कस्मीर व केंद्र में कई सरकारें आई गईं किसी सरकार ने इस तरह की पहल करने की सोची तक नहीं है। सभी सरकारों ने आंतकवादियों के खिलाफ एक आपराधिक चुप्पी साधे रखी। कश्मीर में सरकारों के रहते हुए भी आतंतवादियों का ऐसा खौफ रहा कि मामले दर्ज होते लेकिन किसी का नाम नहीं होता था। यासीन मलिक जो आज जेल में है,वह इन्ही सरकारों की बदौलत हत्या की बात स्वीकार करने के बाद भी खुला घूमता रहता था। रिटायर जज गंजू की हत्या के मामसे में अभी जांच होगी, जांच में भले ही कुछ सामने न आए लेकिन कश्मीरी पंडितों को इस बात का एहसास तो होगा कि वह जो चाहते थे, पहले भले नहीं हुआ लेकिन अब तो हो रहा है। यह बदलाव भी बहुत बड़ा बदलाव है।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज किसी पुरानी जमीन से आपको धन लाभ होगा। अगर किसी बिजनेस ट्रिप के लिए आप बाहर जा रहे हैं, तो घर के बड़े-बुजुर्ग का आशीर्वाद लेकर जाएं, आपका काम सफल होगा। आज आपके जीवनसाथी को तरक्की का अच्छा अवसर मिलेगा।मेहनत और लगन देखकर आज ऑफिस में आपकी तारीफ होगी। आपको तली-भुनी चीजों को खाने से बचना चाहिए।

वृष राशि- आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज कुछ लोग आपसे प्रभावित होंगे। आज आप अपने मेहनत के दम पर धन लाभ के नये रास्ते खोलेंगे। आपको जीवन में आगे बढ़ने के लिए नई योजनाएँ बनानी चाहिए। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखे। राजनीतिज्ञ आज सामाजिक कार्यों में व्यस्त रह सकते हैं। आज घर की जिम्मेदारियां बढ़ सकती है।

मिथुन राशि- आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आप ऑफिस में दूसरों के सामने अपना मत रखने में सफल होंगे। छात्रों के लिए आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति आज आपको सतर्क रहने की जरूरत है। आज बिजनेस में आपको लाभ मिलेगा। आज किसी से भी मित्रता करने से पहले उसके व्यवहार को अच्छे से समझ लेना चाहिए। आज आपके मन में शुभ विचारों का उदय होगा।

कर्क राशि- आज आपके कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव आएंगे। आज शाम को आप किसी फ्रेंड के बर्थडे पार्टी में जाने का प्लान बनायेंगे। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज माता पिता की जिम्मेदारियां कम करने का प्रयास करेंगे। बिल्डर्स के लिए आज का दिन अच्छा है, नये कॉन्ट्रैक्ट से आपको बड़ा मुनाफा होगा। घर के आसपास किसी सामाजिक समारोह में आपकी भागीदारी होगी।

सिंह राशि- आज आपको किस्मत का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ लंच के लिए किसी रेस्टोरेंट में जायेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों के मान-सम्मान में वृद्धि होगी। पार्टी में उनको कोई उच्च पद भी मिलेगी। इस राशि के जो लोग जॉब की तलाश में हैं, उन्हें आज जॉब मिलने के असार हैं। आज आपके स्वास्थ्य में बेहतर सुधार आएगा।

कन्या राशि- आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज जीवनसाथी के साथ रिश्ते बेहतर होंगे। आर्थिक पक्ष आज पहले से मजबूत रहेगा। कार्यों में आज माता-पिता का सहयोग प्राप्त होगा। आपके मन में नए-नए विचार आएंगे। ऑफिस में सहयोगियों के साथ आपके रिश्ते मजबूत होंगे। साथ ही बॉस आपके कार्यों की प्रशंसा करेंगे। आज आपको शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

तुला राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आप दूसरों की मदद करने के लिए तैयार रहेंगे। सीनियर्स से आज आपको कुछ नया सीखने को मिल सकता है। आपके करियर में अचानक बदलाव आयेगा, जिससे आपको धन लाभ होगा। आज वैवाहिक जीवन खुशहाल बना रहेगा। माता का स्वास्थ बेहतर रहेगा। कोई करीबी रिश्तेदार आपकी शादी के लिए बात करेंगे। आर्थिक क्षेत्र में आपको सफलता मिलेगी, बिजनेस में लाभ के अवसर मिलेंगे।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आपको किसी मामले में बड़ा निर्णय लेना पड़ सकता है। अपने दोस्तों के साथ खुशी के पल बिताएंगे। इस राशि की महिलाओं के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपको काम में सफलता मिलेगी, साथ ही कारोबारियों को किसी से जरूरी मुलाकात भी करनी पड़ेगी। धन के मामले में स्थिति बेहतर रहेगी। आज किसी काम में परिवार की सलाह फायदेमंद साबित होगी।

धनु राशि- आज आपको घर की कुछ नयी जिम्मेदारी संभालनी पड़ेगी। आज आप किसी दोस्त के घर डिनर के लिए जायेंगे। व्यापारी वर्ग को आज फायदा होगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आर्थिक रूप से आज आपको सफलता मिलेगी। कुछ दिनों से चली आ रही समस्याओं का हल आज आसानी से निकल जाएगा। आज आपका काम बेहतर ढंग से पूरा होगा।

मकर राशि- आज आपका आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। ऑफिस में भी काम के प्रति माहौल अच्छा रहेगा, जिससे आप रिलेक्स फील करेंगे। इस राशि के विवाहित आज किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जाएंगे। आज कृषि कार्यों के लिए दिन लाभदायक रहेगा। बिजनेस के कार्यों में बड़ा धन लाभ होगा। शत्रु पक्ष आज आपसे दूरियां बनाकर रहेंगे।

कुंभ राशि- आज आपका दिन लकी रहेगा। आप सकारात्मक विचारों के साथ काम को आसानी से पूरा करेंगे। इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। किसी ऐसे रिश्तेदार के यहां से निमंत्रण आयेगा, जहां आप बहुत दिनों से न जा पाये हों। आज आप भविष्य के लिए योजनाएं बनाएंगे। घर पर धार्मिक आयोजन करने का मन बनाएंगे। अगर आप कोई इंटरव्यू देने जा रहे हैं, तो सफलता आपके हाथ लगेगी।


मीन राशि- आज आपका दिन ताजगी भरा रहेगा। आज आपका मन पूजा-पाठ में अधिक लगेगा। परिवार के साथ मंदिर दर्शन के लिए जायेंगे। इस राशि के इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन फेवरेबल है। जो छात्र घर से दूर रहकर किसी कॉम्पिटीशन की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। दांपत्य जीवन में नयापन लाने के लिए आज का दिन बेहतरीन साबित होगा। बच्चों के लिए दिन बढ़िया रहेगा, शाम को बड़ों के साथ पार्क जाएंगे।

# दिल्ली बिल से लोकतंत्र जीता,आप हारी

### राजनीति

ललित गर्ग





आखिरकार केजरीवाल सरकार के अधिकार सीमित करने वाला दिल्ली सर्विस बिल राज्यसभा में भी पास हो गया। सोमवार को राज्यसभा में बिल के समर्थन में 131 व विरोध में 102 वोट पड़े। बहरहाल, अब संसद के दोनों सदनों से पारित होने के बाद बिल राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के उपरांत कानून का रूप ले लेगा। केंद्र सरकार ने केजरीवाल सरकार की मनमानी, भ्रष्टाचार एवं अनियमिताओं पर नियंत्रण लगाने के लिये इस बिल को सफलतापूर्वक पारित कर लिया है, इससे विपक्ष और विशेषकर कांग्रेस की भी हार एवं किरकिरी हुई है। आम आदमी पार्टी की जिद, अहंकार एवं राजनीतिक महत्वाकांक्षा लोकतंत्र के मंदिर 'संसद' में संविधान के सामने परास्त हो गई। क्योंकि संविधान केवल अधिकार नहीं देता, शुद्ध आचरण की अपेक्षा भी करता है। निःसन्देह यह भाजपा सरकार की ऐतिहासिक जीत इसलिये है कि क्योंकि पहले कयास लगाये जा रहे थे कि राजग के सभी सहयोगियों के वोट मिलने के बावजूद केंद्र सरकार राज्यसभा में बिल को पारित नहीं करवा पायेगी। वह भी तब जब एक-दूसरे पर लगातार हमलावर रहने वाले आप व कांग्रेस समेत इंडियन नेशनल डिवेलपमेंटल इन्क्लुसिव अलायंस 'इंडिया' के सभी घटक दल बिल के खिलाफ एकजुट हो चुके थे। दरअसल, लोकसभा में बहुमत होने के चलते राजग सरकार ने बिल आसानी से पास करा लिया था, लेकिन राज्यसभा में बहुमत न होने ने उसकी चिंता बढ़ा दी। ऐसे वक्त में ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के बीजू जनता दल तथा जगन मोहन रेड्डी की पार्टी वाईएसआरसीपी ने राजग की नैया पार लगा दी। निश्चित रूप से 'इंडिया' गठबंधन की बड़ी नाकामी है। भ्रष्टाचार एवं अन्य लोकतांत्रिक मूल्यों के हनन के कारण इस तरह की पराजय नये भारत के लिये जरूरी भी है, दिल्ली के राष्ट्रीय राजधानी होने के बावजूद आम आदमी पार्टी और उसके नेता अरविन्द केजरीवाल ने अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के लिये दिल्ली की जनता के प्रति निरन्तर संवेदनहीनता का प्रदर्शन किया है, जिसका खामियाजा उनके प्राप्त अधिकारों के पर कतरने के रूप में सामने आया है, और इन्हीं कारणों के चलते यह संशोधन लाना पड़ा है। केंद्र सरकार के 'दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र शासन संशोधन विधेयक 2023' पर आम आदमी पार्टी और उसके साथ खड़े सभी राजनीतिक दलों को मुंह की खानी पड़ी। याद रखें कि आम आदमी पार्टी ने इस विधेयक को पारित होने से रोकने के लिए ऐड़ी-चोटी का जोर लगाया था। आप के सर्वेसर्वा एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सभी गैर-भाजपा सरकारों के मुख्यमंत्रियों एवं भाजपा विरोधी राजनीतिक दलों से बिल पर समर्थन जुटाने के लिए 'भारत भ्रमण' तक कर लिया था। दिल्ली कांग्रेस के विरोध के बाद भी कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व को मजबूर कर दिया कि वह लोकसभा और राज्यसभा में इस विधेयक के खिलाफ आम आदमी पार्टी का साथ दें। इसके बाद भी आप पार्टी के हाथ जब कुछ नहीं आया, तो उसके नेताओं ने अन्य अनैतिक एवं अलोकतांत्रिक रास्ते भी अपनाने का प्रयास किया। राज्यसभा में आप के सांसद राघव चड्ढा ने इस बिल को सिलेक्ट कमेटी के पास भेजे जाने का प्रस्ताव रखा। सत्ता पक्ष के पांच सदस्यों ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि उनकी सहमति के बिना प्रस्ताव में उनके नाम डाले गए जिसे हद दर्जे की मनमानी, फर्जीवाड़ा और अपराध मानते हुए इस मामले को विशेषाधिकार समिति के पास भेजे जाने की मांग की, उपसभापति हरिवंश ने इसकी जांच की बात कही है। संभव है इस पर आप के सांसद राघव चड्ढा को सजा हो। दिल्ली सरकार में तरह-तरह के भ्रष्टाचार एवं जालसाजी के किस्से आम बात हो गयी थी, विडम्बना है कि देश की भोलीभाली जनता को इन भ्रष्टाचारों को भाजपा की चाल करार देकर सहानुभूमि जुटाने में माहिर आप सरकार ने संसद को भी नहीं बख्शा। संसद के भीतर जालसाजी के आरोपों में फंसी आप पार्टी ने खेद प्रकट करने की जगह कार्रवाई के डर से, अभी से शोर मचाना शुरू कर दिया है कि भाजपा अब उसके सांसद राघव चड्ढा के पीछे पड़ गई है। यह तो वही बात हुई कि 'एक तो चोरी और ऊपर से सीनाजोरी'। यदि राघव चड्ढा सही है, उन्होंने कोई फर्जीवाड़ा नहीं किया है, तब उन्हें और उनकी पार्टी के नेताओं को डरने की जरूरत क्यों होनी चाहिए?

आप पार्टी एवं उसके नेता केजरीवाल की राजनीति एवं सोच विकृत है, उनका व्यवहार झूठा है, चेहरों से ज्यादा नकाबें उन्होंने ओढ़ रखी है, उन्होंने सारे लोकतांत्रिक एवं राजनीतिक मूल्यों को धराशायी कर दिया है। ऐसी मूल्यहीन राजनीति के चलते देश के भविष्य को लेकर करोड़ो लोग चिन्ता एवं ऊहापोह में हैं । वक्त आ गया है कि देश की राजनीतिक संस्कृति की गौरवशाली विरासत को सुरक्षित रखने के लिये सतर्क एवं सावधान होना होगा। दिशाशून्य हुए नेतृत्व के सामने नये मानदण्ड रखने होंगे। जो राजनीतिक दल फर्जीवाड़े एवं भ्रष्टाचार को सामान्य मानते हैं, उन्हें आइना दिखाना होगा। हर कहीं जनता की आंखों में धूल झोंकने के लिए कुछ भी कह दो, कुछ भी कर लो और उजागर होने पर माफी मांगकर आगे बढ़ जाओ की विकृत सोच, चालाकी एवं अवसरवादी राजनीति पर नियंत्रण करना होगा। संभवतः दिल्ली सर्विस बिल का संसद में सफलतापूर्वक पारित होना, इस दिशा में एक सार्थक पहल है, एक सबक है, एक सन्देश है कि सावधान हो जाओ देश को गुमराह करने वालो, लूटने वालों। राजनैतिक वितंडावाद को ही राजनीति समझनेवाले आप के नेताओं को समझना चाहिए कि संसद जैसा मंच इस प्रकार की ओछी, संकीर्ण एवं स्वार्थी हरकतों के लिए नहीं है। संसद के किसी भी पटल पर, कोई भी बात गंभीरता से, जांच-पड़ताल करने के उपरांत ही रखनी चाहिए। परंतु जिन्होंने दिल्ली की विधानसभा को ही अपनी राजनीतिक जागीर मानकर अपनी खुन्नस निकालने एवं मनमानी करने का अखाड़ा बना लिया हो, उनसे संसद की गरिमा की अपेक्षा करना कितना उचित होगा? भले ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस विधेयक को दिल्ली के लोगों को गुलाम बनाने वाला बताया तो या कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने कहा हो कि केंद्र सरकार के पास इस विधेयक को लाने का नैतिक अधिकार नहीं है, यह संघीय संरचना पर कुठाराघात है, वगैरह-वगैरह। आप पार्टी एवं उनके सहयोगी बने दलों के प्रश्नों एवं आरोपों का अमित शाह ने इस विधेयक पर सरकार का पक्ष रखते हुए बहुत ही तार्किक एवं तथ्यपरक ढंग से उत्तर दिया। शाह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद जिस तरह से दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने अधिकारियों के तबादले शुरू किए थे, जांच की फाइलों को रातोंरात गायब किया, उसको देखते हुए विधेयक लाना जरूरी हो गया था। दिल्ली सरकार के विरूद्ध कई मामलों की जांच कर रही विजिलेंस को अपने अधीन रखने के लिए आप सरकार बेचैन थी ताकि भ्रष्टाचार न उजागर हो।

निश्चित ही आप सरकार की केंद्र सरकार के साथ अनावश्यक टकराव की परिणति यह हुई कि दिल्ली को अब शायद ही कभी पूर्ण राज्य का दर्जा मिल पाएगा। इस बिल के पारित होने से दिल्ली की जनता का अधिक नुकसान हुआ। केन्द्र सरकार ने देश की राजधानी दिल्ली की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, संविधान सभा में दिल्ली के अधिकार और कार्यों के बारे में चर्चा के साथ सीमित अधिकारों वाली विधानसभा के साथ 1993 में इसे राज्य का दर्जा दिए जाने का पूरा ब्यौरा दिया। जाहिर है दिल्ली पूर्ण राज्य नहीं है और केंद्र सरकार को संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार दिल्ली के किसी भी विषय पर कानून बनाने का अधिकार है। दक्ष, अनुभवी एवं परिपक्व मुख्यमंत्री इन बातों के आलोक में ही केंद्र के साथ रचनात्मक सहयोग करके अपना शासन चलाता है। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के समय कभी भी केंद्र के साथ टकराव नहीं हुआ और उन्हें हमेशा केंद्र सरकार का सहयोग और समर्थन मिलता रहा। अपने आपको राजनीति का चाणक्य मानने वाले केजरीवाल अपने अल्प राजनीतिक जीवन में इस बात को समझ नहीं पाए।

# 'परीक्षा बनी जंजाल' युवाओं की ज़िंदगी 'बदहाल'

### चर्चित मुद्दा

बिदामो सुरेश नांदवाल



**हरियाणा सरकार व स्टाफ सिलेक्शन कमीशन एक बार फिर बच्चों की ज़िंदगी को अंधकार में धकेल रहे हैं। 4 साल से हरियाणा के युवा हज़ारों करोड़ रुपया खर्च के सेट के जंजाल में धक्के खा रहे हैं और खट्टर सरकार हर रोज़ मनमाने ढंग से मापदंड बदल व भयंकर ग़लतियाँ कर उनकी ज़िंदगियों को लूट रही है। सेट का रिजल्ट ठीक किए बग़ैर एक और पेपर करवाने की बेवकूफाना हड़बड़ी व जल्दबाज़ी क्यों? किस साज़िश के तहत युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेला जा रहा है? खामियाँ, त्रुटियां दूर करके भर्ती पेपर लिया जा सकता है लेकिन ऐसा क्यों नहीं किया जा रहा है? चार साल धक्के खाकर के सेट पास करने का क्या अर्थ रह गया है? इन्होंने जितने ब्लंडर इस भर्ती में किए हैं उनके कारण अगले 10 साल भी मामले न्यायालयों में लटके रहेंगे। जो बच्चे नौकरी लगेंगे उनको भी ये सरकार चैन से सोने नहीं देगी तथा जो नहीं लग पाएंगे उनका तो भविष्य चौपट कर ही दिया है। पेपर स्टे होने के बावजूद आनन-फानन में पेपर करवाए गए और एक पेपर के दूसरे पेपर में पचास प्रतिशत हूबहू सवाल पूछ लिए। हद हो गई है? क्या पेपर भी नहीं बनवा सकते हैं? बनवा तो सकते हैं परंतु बनवाने नहीं, क्योंकि अगर पेपर सही से बनवा दिए तो हरियाणा के बेरोजगार युवाओं को कैसे मानसिक तौर से परेशान करेंगे, पता न हरियाणा सरकार क्युं ऑख बन्द किये बैठी है।**

हरियाणा सरकार द्वारा सरकारी भर्ती के रोज़ बदलते मापदंडों व कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट की ग़लतियों ने युवाओं की ज़िंदगी बर्बाद कर दी है। आज हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन के रोज़ बदलते 'तुगलकी फ़रमान' ने हरियाणा के नौजवानों की ज़िंदगी को बर्बादी की कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट की परीक्षा के चार साल से चल रहे खेल के ÷मनोहर जाल÷ ने हरियाणा के बच्चों की ज़िंदगी को बदहाल बना दिया है। हरियाणा के युवाओं से आये-दिन नौकरी के नाम पर हो रहे मज़ाक़ ने युवाओं की रोज़गार पाने की हर उम्मीद को धराशायी कर दिया है। इसके लिए सीधे-सीधे वर्तमान सरकार ज़िम्मेदार हैं। सच्चाई यह है कि हरियाणा सरकार व स्टाफ सिलेक्शन कमीशन एक बार फिर बच्चों की ज़िंदगी को अंधकार में धकेल रहे हैं। 04 साल से हरियाणा के युवा हज़ारों करोड़ रुपया खर्च के सेट के जंजाल में धक्के खा रहे हैं और खट्टर सरकार हर रोज़ मनमाने ढंग से मापदंड बदल व भयंकर ग़लतियाँ कर उनकी ज़िंदगियों को लूट रही है। सेट का रिजल्ट ठीक किए बग़ैर एक और पेपर करवाने की बेवकूफाना हड़बड़ी व जल्दबाज़ी क्यों? किस साज़िश के तहत युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेला जा रहा है? खामियाँ, त्रुटियां दूर करके भर्ती पेपर लिया जा सकता है, लेकिन ऐसा क्यों नहीं किया जा रहा है? जब अगले पेपर में बैठने का आधार ही सेट स्कोर है, तो इस स्कोर को ठीक क्यों नहीं किया जा रहा है?

यदि कल को यह क्लेम किसी का गलत मिलता है, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के समय सैकड़ों ऐसे केस सामने आएंगे, तब उनकी उम्मीदवारी तो आप रद्द कर देंगे, लेकिन उनकी जगह पर जो सही कैंडिडेट पेपर दे सकते थे, उनके साथ तो घोर अन्याय हो जाएगा। 35000 बच्चों की ज़िन्दगियों, उनके करियर, उनके भविष्य का सवाल है, जो 4 साल से इंतज़ार कर रहे हैं। जिन्होंने सोशो-इकोनॉमिक के अंक छोड़े हैं उन्हें अभी भी वे अंक दिए हुए दर्शाये गए हैं। हरियाणा से बाहर के अभ्यर्थियों के ये क्लेम कैसे जांचेंगे? जिनका सेट स्कोर कम है, उन्हें पेपर में बैठने का मौका दिया जा रहा है, जिनके ज़्यादा हैं वे बाहर हैं, ऐसा क्यों? तनाव भरे माहौल के बावजूद पेपर लेने की जल्दी क्या है? हाई कोर्ट के सिंगल बेंच से के सेट नतीजा ख़ारिज होने के बावजूद रातों रात हाई कोर्ट के डबल बेंच में जाकर दरवाज़ा खटखटाने व 24 घंटे में ही पेपर लेने की ज़िद क्यों की गयी? सेट रिजल्ट ख़ारिज होने व 05 तथा 06 अगस्त, 2023 को होने वाला पेपर स्टे होने के बावजूद आनन-फानन में पेपर करवाए गए और एक पेपर के दूसरे पेपर में पचास प्रतिशत हूबहू सवाल पूछ लिए। हद हो गई है? क्या पेपर भी नहीं बनवा सकते हैं, बनवा तो सकते हैं परंतु बनवाने नहीं क्योंकि अगर पेपर सही से बनवा दिए तो हरियाणा के बेरोजगार युवाओं को कैसे मानसिक तौर से परेशान करेंगे, पता न हरियाणा सरकार क्युं ऑख बन्द किये बैठी है। इतना बड़ा पेपर है, 4 साल का इंतज़ार, ऐसे कमीशन से रिजल्ट बनाने में त्रुटियां होंगी या ये जानबूझकर करेंगे। क्या यह सीधे-सीधे पेपर सॉल्वर गैंग को हेराफेरी का न्योता नहीं। इस जल्दी का कारण क्या है? जब सेट का रिवाइज़्ड रिजल्ट पूरी तरह से ग़लत है, तो पेपर लेने का औचित्य ही क्या है? इन सबको भी कोर्ट में चुनौती दी जाएगी, तो फिर नौकरियाँ कैसे लगेंगी। जब सेट पास 3,59,000 उम्मीदवारों में से 3,29,000 उम्मीदवार एग्जाम में बैठ ही नहीं पायेंगे, तो फिर सेट की प्रक्रिया के क्या मायने बचे हैं। हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन ने ग्रुप 56 के लिए कट ऑफ नंबर 65 निर्धारित किए हैं तथा ग्रुप 57 के लिए कट ऑफ नंबर 67 निर्धारित किए हैं। पोस्ट से चार गुना उम्मीदवार बुलाने का मतलब है कि लगभग 30,000 बच्चों को रिटन एग्जाम के लिये बुलाया जाएगा। ग्रुप 57 के सभी उम्मीदवार ग्रुप 56 में भी एलिजिबल होंगे। यानि दोनों ग्रुप्स में 90त्न उम्मीदवार वही होंगे। ऐसे में सेट पास हुए 3,59,000 उम्मीदवारों में से 3,29,000 को रिटन एग्जाम में बैठने का मौक़ा ही नहीं मिलेगा। तो फिर चार साल धक्के खाकर के सेट पास करने का क्या अर्थ रह गया है? इन्होंने जितने ब्लंडर इस भर्ती में किए हैं उनके कारण अगले 10 साल भी मामले न्यायालयों में लटके रहेंगे। जो बच्चे नौकरी लगेंगे उनको भी ये सरकार चैन से सोने नहीं देगी तथा जो नहीं लग पाएंगे उनका तो भविष्य चौपट कर ही दिया है।

# इसे गिराओ,उसे उठाओ

### व्यंग्य

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

सेक्रेटरी ने नेता जी की प्रतीक्षा में खड़े चार युवकों को भीतर बुलाया। नेता जी के पूछने पर चारों ने अपने नाम क्रमशः फेसबुकिया उर्फ लाइक-कमेंट्स, ट्विटर उर्फ कुहू-कुहू, यूट्यूब उर्फ हो हल्ला और वाट्सप उर्फ फॉरवर्ड बाबू बताया। सेक्रेटरी ने नेता जी की ओर से चारों को बुलाने का उद्देश्य समझाते हुए कहा कि पिछले कुछ दिनों से नेता जी छवि सोशल मीडिया पर बिगड़ सी गयी है। पार्टी कार्यालय में महिला कार्यकर्ताओं से उनकी ऊँच-नीच हो गई थी। अब इस बिगड़ी हुई छवि को सुधारने की पूरी जिम्मेदारी तुम्हारे मजबूत कंधों पर है। तभी नेता जी का फोन बज उठा। फोन को कान से चेंपते हुए जवाब दिया - ÷नहीं-नहीं ऐसी कोई बात नहीं है। वह तो यूँही बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। वह क्या है न कि सफेद कपड़े को सफेद बनाए रखना भी आज के जमाने में खतरों का खेल बनकर रह गया है। इसलिए मेरे बारे में आप जो कुछ भी अच्छा-बुरा सुन रहे हैं, उसे एक कान से सुनिए और दूसरे कान से निकाल दीजिए। हो सके तो दोनों कान में रुई ठूस लीजिए।÷ इतना कहते हुए नेता जी ने फोन का लाल बटन दबाया और युवकों की ओर देखने लगे। नेता जी ने युवकों को धमकाते हुए कहा कि दुश्मन पार्टी के हमारे पुराने साथी आजकल सोशल मीडिया पर बहुत वायरल हुए जा रहे हैं। हमारे पुराने राज़ एक के बाद एक ताश के पत्तों की तरह बांटते जा रहे हैं। इससे हमारी छवि खराब हो रही है। आलाकमान बहुत जल्द पार्टी टिकट बांटने के चक्कर में है। उस समय जो नेता सबसे पॉपुलर होगा पार्टी उसी को टिकट देगी। अब पहले वाला जमाना नहीं रहा जब काम करने वाले को पार्टी का टिकट दिया जाता था। अब तो दिखावा करने वाले की आवभगत होती है। वैसे मेरा नाम भी टिकट के इच्छार्थियों में है। किंतु दूसरे नंबर पर। उसे नंबर वन पर लाना है। तुम लोगों को तो पता ही है कि आजकल हर कोई सोशल मीडिया का सहारा ले रहा है। सोशल मीडिया चाहे तो पल में कंकर को शंकर और शंकर को कंकर बना दे। तुम लोग जनता की नब्ज अच्छी तरह से जानते हो। बताओ मेरे लिए तुम क्या-क्या कर सकते हो? चारों युवकों ने एक स्वर में हामी भरते हुए कहा कि आप निश्चिंत रहें। हम आपकी छवियों से फेसबुक और इंस्टाग्राम का चप्पा-चप्पा भर देंगे। ट्विटर पर आपकी ट्विटों की चहचहाहट से सबकी नींद हराम कर देंगे। यूट्यूब पर आपके सिवाय कोई दूसरा वीडिया चलने ही न देंगे। वाट्सप पर टरकाए हुए संदेशों का ऐसा पहाड़ खड़ेंगे जहाँ से सारी दुनिया को सिर्फ आप ही आप दिखेंगे। सौ बात की एक बात कहनी हो तो हम आपका इतना प्रमोशन करेंगे कि आपको अपनी महानता पर संदेह होने लगेगा।



आपको लगने लगा कि मैंने ये सब काम कब किए। हमारा काम ही झूठ को सच और सच को झूठ दिखाना है। नेता जी ने अंतिम सवाल करते हुए पूछा ÷यह सब तो ठीक है। क्या तुम्हें ऐसा काम करने का कोई पूर्व अनुभव है? चारों ने ऐसा जवाब दिया कि नेता जी के चारों खाने चित्त हो गए। उन्होंने कहा ÷साहब अभी आप जिस विपक्षी पार्टी के अपने पुराने दोस्त के बारे में बात कर रहे थे, उनका प्रमोशन हमने ही किया है। आपके बारे में तिल जैसी खबर को पहाड़ बनाने का पूरा श्रेय हमें ही जाता है। विश्वास न हो तो उन्हीं को फोन करके पूछ लीजिए।

### सेहत

# महिलाओं में भी तेजी से बढ़ रहे हैं हार्ट अटैक के मामले

दिल का स्वस्थ रहना किसी भी इंसान की लाइफ के लिए बहुत जरूरी है. लेकिन दिल की खराबी और दिल संबंधी बीमारियों यानी कार्डियोवैस्?कुलर रोगों ने आजकल ज्यादा लोगों को अपनी चपेट में लेना शुरु कर दिया है. हैल्थ एक्सपर्ट कहते हैं कि पहले दिल का दौरा यानी हार्ट अटैक एक उम्र के बाद होता था लेकिन आजकल जवान और बच्चे भी इसकी चपेट में आने लगे हैं. खास बात ये है कि पिछले कुछ सालों में पुरुषो के मुकाबले महिलाएं दिल के दौरे की चपेट में ज्यादा आ रही हैं. इस संबंध में कराए गए अध्ययन में कहा गया है कि कार्डियोवैस्कुलर रोग संबंधी खतरे महिलाओं में तेजी से बढ़ रहे हैं हर साल महिलाओं में करीब 35 फीसदी मौतें केवल दिल संबंधी बीमारियों के चलते होती है. ऐसे में जरूरी है कि महिलाओं में दिल संबंधी बीमारियों को लेकर जागरुकता फैलाई जाए. चलिए आज बात करते हैं कि महिलाओं में कार्डियोवैस्कुलर डिजीज यानी ह्रदय संबंधी बीमारी से जुड़े रिस्क के लक्षण क्या क्या हो सकते हैं.

**महिलाओं में ह्रदय संबंधी बीमारियों के संकेत क्या क्या हैं** -हार्ट रिलेटेड बीमारियों के प्रति जागरुकता की कमी और हार्ट डिजीज के प्रति महिलाओं की सेंसेटिविटी ही महिलाओं को दिल संबंधी खतरों की ओर धकेल रही है. इसके कारण औरतें कम ही उम्र में हार्ट अटैक और हार्ट संबंधी दूसरे खतरों का शिकार हो रही हैं. हालांकि कुछ मामलों में महिलाओं में हार्ट की बीमारी से जुड़े संकेत पुरुषों से कुछ अलग हो सकते हैं. जैसे जबड़े में दर्द होना महिलाओं में हार्ट अटैक से पहले का एक सामान्य लक्षण है. इसके अलावा कंधे और बाएं सीने में दर्द होना भी एक सिंपटम है. इसके अलावा पीठ के ऊपरी भाग और पेट के ऊपरी हिस्से में रह रह कर दर्द होना भी हार्ट अटैक का संकेत है. लगातार पसीना आना, चक्कर आना भी कार्डिएक अरेस्ट का लक्षण है. कोई भारी काम ना करने के बावजूद आर्म्स पेन भी हार्ट अटैक का संकेत हो सकता है.

**किन महिलाओं को हो सकता है कार्डिएक अरेस्ट का ज्यादा खतरा** -डॉक्टर अनुमान लगाते हैं वो महिलाएं जिनकी पारिवारिक हिस्टरी में हार्ट अटैक के मामले हैं, वो इसकी ज्यादा गिरफ्त में आती हैं. इसके अलावा डायबिटीज 2, मोटापा, हाइपरटेंशन यानी उच्च रक्तचाप से पीड़ित महिलाएं भी दिल के दौरे और हार्ट रिलेटेड डिजीज का जल्दी शिकार बनती हैं. वो महिलाएं जिनका कोलेस्ट्रोल हाई रहता है, मैनोपॉज की स्थिति से जूझ रही महिलाएं, एंजाइटी और स्ट्रेस का शिकार महिलाएं, कम नींद लेने वाली महिलाएं।

## एक नजर

### बासनवाही में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**कांकेर 10 अगस्त ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला के मार्गदर्शन में ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं के मध्य मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्हें प्रेरक कार्यक्रमों के माध्यम से मतदान का महत्व समझायां जा रहा है। विकासखंड नरहरपुर के ग्राम पंचायत बासनवाही (कोतलभट्टी) में आज 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आए नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर मतदाता 18 वर्षीय श्रीराम नेताम और साहिल नेताम को वोटर आईडी कार्ड प्रदान किया गया एवम नागरिकों को संदेश देते हुए बताया गया कि जैसे शरीर को स्वस्थ रखने के लिए हम प्रतिदिन योग एवं व्यायाम करते हैं उसी प्रकार प्रजातंत्र को स्वस्थ रखने के लिए 18 वर्ष आयु से लेकर सभी आयु वर्ग के लोग हर चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करें और निष्पक्ष होकर मतदान करें । साथ ही सभी ने यह संकल्प किया कि स्वस्थ मतदान के लिए अपने आसपास के लोगो को जागरूक करेंगे। जिनका वोटर आईडी कार्ड नहीं बना है वह वोटर हेल्पलाइन एप में अपना पंजीयन कराएंगे। उक्त मतदाता जागरुकता अभियान में दुधावा क्षेत्र के पास के गावों में निवासरत विशेष पिछड़ी ÷कमार÷ जनजाति की विशेष उपस्थिति थी, इस अवसर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री पी.के. गुप्ता ,मास्टर ट्रेनर श्री कमलेश निषाद, बीएलओ श्री शोभा राम यादव ,श्री गेंदूराम मरकाम , जनपद पंचायत नरहरपुर से श्री सुरेन्द्र कश्यप , रोहित ध्रुव ,पी. एल. आर्मो राजेश कुंजाम ,सारंग श्रीवास्तव उपस्थित थे।

### धूमधाम से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

कांकेर 10 अगस्त । विश्व आदिवासी दिवस जिले में धूमधान से मनाया गया। शासकीय नरहरदेव उ'चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संसदीय सचिव एवं कांकेर विधायक श्री शिशुपाल शोरी, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमन्त ध्रुव, सिंध अकादमी बोर्ड के सदस्य श्री दिलीप खटवानी, जिला पंचायत सदस्य नरोत्त्म पड़ोटी, नंदलाल मण्डावी, गफ्फार मेमन, कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला, अपर कलेक्टर एस. अहिरवार, जिला पंचायत सीईओ सुमीत अग्रवाल सहित आदिवासी समाज प्रमुखों में छत्तीसगढ़ महतारी, शहीद वीर नारायण सिंह, शहीद गैंदसिंह एवं गुण्डाधुर की प्रतिमा पर दीप प्र'जवलीत कर पूजा अर्चना किया।

कार्यक्रम में राजगीत पश्चात मेधावी छात्र-छात्रओं को सम्मानित किया गया तथा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया। मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायतों को 05 हजार रूपये ऑनलाईन अंतरित कि जा चुकी है। विश्व आदिवासी दिवस पर कांकेर जिला अंतर्गत विभिन्न पंचायतों को डेमो चेक वितरित किया गया तथा छः ग्राम सभाओं आमाकड़ा, पुनगांव, साल्हेभाट कलमु'चे, मुंजालगोंदी और ठेमा को सामुदायिक वन संसाधन हक तथा गोदपुर, वर्चेगोंदी, ई'छापुर, सिंगारभाट, कोकपुर, खमढोड़गी, ईरादाह, मनकेशरी और साल्हेभाट को सामुदायिक वन अधिकार मान्यता पत्र प्रदान किया गया। मनरेगा अंतर्गत विभिन्न कार्यो की स्वीकृति आदेश प्रदान किये गये, साथ ही वर्ष 2021-22 के तेंदुपत्ता का बोनस राशि वितरण किया गया। कृषि विभाग द्वारा 10 आदिवासी किसानों नंदूराम कावड़े, भगवानसिंह नेताम, रामप्रसार शोरी, अशोक सलाम, शंकर सलाम, राजकुमार कंचन, ग्रीजेश कुमार शिवलाल भोयर, बिरबल कोमा और देनकुराम भोयर को उड़द बीज का मिनी किट वितरित किया गया। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर शासकीय नरहरदेव उ'चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए ससंदीय सचिव श्री शिशुपाल शोरी ने कहा कि आज पूरे विश्व में आदिवासी दिवस मनाया जा रहा है। आदिवासियों के संवैधानिक एवं मौलिक अधिकारों की संरक्षण की दिशा में सरकार द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में अनेक उल्लेखनीय कार्य किये गये हैं। वनवासियों को व्यक्तिगत वन अधिकार मान्यता पत्र एवं सामुदायिक वन संसाधन हक प्रदान किये जा रहे हैं, जिसका लाभ कांकेर जिले के लोगों को भी मिला है।

# जावंगा में राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान ने आत्मनिर्भर भारत अमृतकाल नवाचार यात्रा की मॉडल प्रदर्शनी लगाई





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 10 अगस्त।** आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर आत्मनिर्भर भारत नवाचार योजना विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग एवं संस्कृति विभाग, भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किया गया। इसी कड़ी में राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान - भारत द्वारा ग्रामीण नवप्रवर्तन के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत का नवाचार यात्रा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत जिला शिक्षा अधिकारी दंतेवाड़ा प्रमोद ठाकुर के मार्गदर्शन पर गीदम विकासखंड के एजुकेशन सिटी जावंगा ऑडिटोरियम में आत्मनिर्भर भारत अमृतकाल नवाचार का मॉडल एवं पोस्टर प्रदर्शनी नवाचार रथ के माध्यम से लगाई गई। राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान के वैज्ञानिक डॉ विवेक कुमार ने पीपीटी के माध्यम से बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर समस्या का समाधान नवाचार के रूप में बढ़ावा दे कर ज्यादा से ज्यादा लोगों के बीच साझा करनी चाहिए एवं वैज्ञानिक बनने के लिए उत्सुकता की जरूरी है। राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान के रिसर्च एसोसिएट राहुल प्रकाश, प्रोजेक्ट एसोसिएट अविनाश सामल, स्वराज परिडा, श्रीकांत त्रिपाठी ने नवाचार मॉडल का जिज्ञासा, विचार, प्रशनात्मकता एवं विश्लेषण तकनीकी के बारे में साझा किया तथा बच्चों के लिए नवाचार आईडिया का प्रतियोगिता आयोजित किया। जिला नोडल अधिकारी देवेंद्र कुमार सोनी ने इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत दंतेवाड़ा जिले के राष्ट्रिय तथा राज्य स्तरीय के लिए चयनित विद्यार्थियों का नवाचार प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन नवाचार विशेषज्ञ तथा व्याख्यता अमुजुरी विश्वनाथ ने सुचारू रूप से करते हुए विज्ञान एवं तकनीकी का लाभ आम जनता तक जागरूकता तथा कार्यक्रम के माध्यम से पोहुंचाने का संदेश दिया। इस नवाचार यात्रा कार्यक्रम में सहायक संचालक अहिल्या ठाकुर, विकास खंड शिक्षा अधिकारी शेख़ रफीक, डीएस ध्रुव, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी भवानी पुनेम, राममिलन रावटे, टीआर जुर्री, खंड स्त्रोत समन्वय जितेंद्र शर्मा, आरसी नागेश, आस्था विद्या मंदिर प्राचार्य गोपाल पांडे, हर्ष मिश्रा, मनीष कर्मा, अधीक्षक रवि प्रकाश ठाकुर, अधिक्षिका सुषमा दास, सर्व संकुल समन्वयक, इंस्पायर अवार्ड मानक प्रभारी शिक्षक, ग्रामीण क्षेत्र किसान, 500 विद्यार्थी उपस्थित थे।

# सरकार की दूरगामी सोच व जिला प्रशासन की पहल से बदल रही जिले की पहचान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 10 अगस्त।** बस्तर संभाग के इस जिले की पहचान यूँ तो नक्सलियों के गढ़ के रूप में होती रही है, पर छत्तीसगढ़ सरकार की दूरगामी सोंच और सुकमा जिला प्रशासन की पहल से सुकमा के युवाओं ने सुकमा की पहचान बदल दी है। सुकमा के गरीब आदीवासी छात्र क की पढ़ाई के लिए पैसे नहीं थे सुकमा कलेक्टर हरिस एस. ने छात्र के हृश्वश्वञ्ज की तैयारियों के लिए मदद की अब छात्र ने हृश्वश्वञ्ज एग्ज़ाम निकाल बनने को तैयार है। छात्र गंगा के गाँवों में जश्न सा माहौल है। ये है दुनिया का सबसे अमीर भिखारी, 7 करोड़ रुपए से ज्यादा है संपत्ति, हर महीने कमाता है इतने रुपए दरअसल नक्सल प्रभावित सुकमा जिले की पहचान धीरे-धीरे बदलने लगी है। नक्सल घटनाओं के लिए देश दुनिया में प्रसिद्ध सुकमा अब शिक्षा, खेल और मनोरंजन के क्षेत्र में अपनी नई पहचान बना रहा है। क्षेत्र की संवेदनशीलता के कारण यहां डॉक्टर सेवा देने से कतराते हैं। नतीजा स्वास्थ्य सुविधाएं बेहाल है। जिले के हालातों को देखते हुए क्षेत्र के युवा डॉक्टर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे शिक्षा के क्षेत्र में अभिनव पहल, युवाओं में जागरूकता के साथ आत्मविश्वास को बढ़ाने में मदद कर रहे हैं।कोर्रा ग्राम पंचायत के आश्रित गांव माड़ियारास का माड़वी गंगाराम डॉक्टर बनने जा रहा है। कड़ी मेहनत से उसने नीट की परीक्षा पास की है। 720 अंको में गंगाराम को 522 अंक मिले हैं। गंगा के एमबीबीएस में चयन होने के बाद गांव में खुशी का माहौल है। लोगों का कहना है कि पूरे इलाके में गंगा पहला डॉक्टर बनेगा। गंगा के घर की आर्थिक हालात बेहद नाजुक है। पिता माड़वी हड़मा छोटा किसान है। पारंपरिक खेती किसानी के अलावा वनोपज पर पूरे परिवार का जीवन आधारित है। गंगाराम के अलावा घर में एक बेटा किशोर और बेटी रितु भी है। माँ माड़वी बंडी बच्चों के लिए साप्ताहिक बाजार में वनोपज बेचकर किसी तरह घर चलाती है। राज्य में आयोजित होगा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा लघु फिल्म महोत्सव, आप भी लें हिस्सा, बढ़ाई की पंजीकरण की तारीख ऐसा रहा सफर कोर्रा में प्राथमिक शिक्षा ग्रहण करने के बाद गंगा का चयन सुकमा में संचालित नवोदय विद्यालय में हो गया। 12वीं तक पढ़ाई करने के बाद स्कूल के प्रिंसिपल ने गंगा को पुणे में संचालित दक्षिणा कैंपस कोचिंग सेंटर के बारे में बताया। प्रिंसपल से मिली गाइडेंस के बाद गंगा पुणे चला गया। यहां बिना तैयारी के नीट परीक्षा दिया जिसमें उसे 172 नंबर प्राप्त हुए। करीब 9 महीने तक कड़ी मेहनत कर गंगा ने दोबारा नीट की परीक्षा दी जिसमें उसे 522 अंक प्राप्त हुए। जिला प्रशासन बना सारथी-नीट परीक्षा पास होने के बाद माड़वी गंगाराम के सामने उसकी गरीबी डॉक्टर बनने से रोक रही थी। एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए कॉलेज एडमिशन में परेशानी आ रही थी गंगाराम ने मदद के लिए जिला प्रशासन से गुहार लगाया। कलेक्टर हरीस एस ने माड़वी गंगा के सपनों को पूरा करने का बीड़ा उठाया। कॉलेज में एडमिशन के लिए उन्होंने आर्थिक मदद ही नहीं की बल्कि डॉक्टरी पढ़ाई के दौरान हर स्तर पर सहयोग करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद अब सुकमा का आदिवासी युवक डॉक्टर बनने को पुरी तरह से तैयार है।

### कलेक्टर ने की निर्माण कार्यों की समीक्षा

**कांकेर 10 अगस्त।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने जिले में संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए वर्ष 2021-22 में ग्राम पंचायतों में स्वीकृत छोटे-छोटे निर्माण कार्य जैसे-आंगनबाड़ी भवन, देवगुड़ी, घोटूल, कचरा शेट, सामुदायिक शौचालय इत्यादि निर्माण कार्यों को 15 सितम्बर तक अनिवार्य रूप से पूरा करने के लिए सभी निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया है। विकासखण्डवार निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक निर्माण कार्य का भौतिक सत्यापन करने के बाद ही भुगतान किया जावे। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का पालन भी सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं। बैठक में बस्तर एवं दक्षिण क्षेत्र विकास प्राधिकरण तथा सांसद एवं विधायक निधि अंतर्गत स्वीकृत कार्यों में भी प्रगति की समीक्षा किया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल सभी जनपद सीईओ तथा निर्माण एजेंसी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# गीदम में हर्षोल्लास से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस



**गीदम, 10 अगस्त।** गीदम में सर्व आदिवासी समाज ब्लाक इकाई गीदम के द्वारा विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर नगर के साप्ताहिक बाजार स्थल पर सर्व आदिवासी समाज के लोग एकत्रित हुए और सामाजिक ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोपा कुंजाम ने की वहीं विशिष्ट अथिति के रूप में मंगडू कड़ती, चैतराम अटामी, खुडीराम नाग, नंदलाल मुडामी, मनकु लेकामी, रामु नेताम, मधुसुदन ठाकुर, बलिराम नेताम उपस्थित रहे। इसके साथ ही पारंपरिक वेशभूषा में सर्व आदिवासी समाज द्वारा नगर में रैंली निकाली गई। जो कि मुख्य मार्ग से होते हुए हारम तिराहे व हारम से पुनः बाजार स्थल पहुँची। इस दौरान जगह जगह सड़क पर आतिशबाजी करते हुए पटाखे भी फोड़े गए । इसके पश्चात बाजार स्थल पर, सांस्कृतिक कार्यक्रम , भाषण , उदबोधन समेत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमो का आयोजन हुआ। इस दौरान मणिपुर की घटना के विरोध में आक्रोश व्यक्त किया गया साथ ही गीदम नगर को बसाने में जिन पूर्वजो का योगदान रहा उनको याद करते हुए विभिन्न चौक चौराहों पर उनकी पूजा अर्चना की गई। साथ ही इस दौरान समाज के नेताओं ने समाज को शिक्षित बनाने पर जोर दिया। गौरतलब है कि आज देश भर में विश्व आदिवासी दिवस मनाया जा रहा है । इसी क्रम में गीदम में भी यह आयोजन ब्लाक इकाई द्वारा बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सर्व आदिवासी समाज के मीडिया प्रभारी शैलेश अटामी ने कहा कि आदिवासी समुदाय हमारी भूमि और परंपरागत ज्ञान के सच्चे संरक्षक हैं।आदिवासी समुदाय आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी विरासत को सुरक्षित रखने में हमेशा सबसे आगे रहे हैं। एक समाज के रूप में, हम अपने आदिवासी भाईयों और बहनों से अपने मूल्यों की अंत तक रक्षा करने की शक्ति के बारे में बहुत कुछ सीख सकते हैं। विभिन्न नृत्य और संगीत परंपराओं से सराबोर छत्तीसगढ़ की विशिष्ट आदिवासी संस्कृति

### घर-घर तिरंगा अभियान के लिए पोस्ट ऑफिस में तिरंगा झंडा उपलब्ध




**कोंडागांव।** देश की आज़ादी के 76वें वर्ष के उपलक्ष्य में लोगों को अपने घर पर तिरंगा झंडा फहराने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु 'आज़ादी के अमृत' महोत्सव के तत्वावधान में डाक विभाग द्वारा हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। झंडे के साथ हमारा संबंध सदैव व्यक्तिगत की बजाए औपचारिक और संस्थागत रूप में अधिक रहा है। आज़ादी के 76वें वर्ष के दौरान एक राष्ट्र के रूप में झंडे को सामूहिक रूप से घर पर लाना न केवल तिरंगे के साथ हमारे व्यक्तिगत संबंध का प्रतीक है बल्कि यह राष्ट्र निर्माण में हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। यह पहल लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जागृत करने और भारत के राष्?ट्रीय झंडे के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए की गई है। उपडाकपाल श्री शत्रुघन निषाद ने बताया तिरंगा झंडा उपडाकघर कोंडागांव सहित जिले के सभी गाँव गाँव के पोस्ट ऑफिस में भी उपलब्ध है, जिसका मूल्य 25 रुपये नियत है अपने नजदीकी डाकघर से प्राप्त कर सकते है।

## विश्व आदिवासी दिवस जिला स्तरीय कार्यक्रम में वनाधिकार पट्टा का वितरण

# जिले के ग्राम राजामुंडा व केरलापाल आदर्श ग्राम घोषित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा,10 अगस्त ।** विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में आबकारी मंत्री श्री कवासी लखमा ने जिलेवासियों को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिले के ग्राम राजामुंडा और केरलापाल को आदर्श ग्राम घोषित किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में 273 व्यक्तिगत वन अधिकार मान्यता प्रमाण पत्र सहित, 05 सामुदायिक वनाधिकार पत्र, 20 सामुदायिक वन संसाधन मान्यता प्रमाण पत्र दिया गया। इसके अलावा पशुधन विकास विभाग द्वारा बेकयार्ड कुकट पालन योजना के तहत 15 हितग्राहियों को कुकुट 05 हितग्राहियों को शुकर और 05 हितग्राहियों को नर बकरा हेतु 4-4 हजार रुपये का चेक वितरण किया गया। आबकारी मंत्री श्री कवासी लखमा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने आदिवासी संस्कृति के संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए विश्व आदिवासी दिवस के दिन को छुट्टी घोषित किया है। उन्होंने कहा कि आदिवासी छत्तीसगढ़ प्रदेश का स्वाभिमान है जिनके सांस्कृतिक विकास के साथ साथ सामाजिक एवं आर्थिक विकास का सार्थक प्रयास किया जा रहा है, जिसका निश्चित रुप से परिणाम मिल रहें हैं। बरसों से वन भूमि पर काबिज पात्र हितग्राहियों को वन अधिकार मान्यता पत्र के साथ ही वन संसाधन एवं सामुदायिक वन संसाधन पत्र प्रदान कर स्थीनय संसाधनों में स्थानीय लोगों का अधिकार सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए अंदरूनी क्षेत्रों में बंद हुए स्कूलों को पुनः संचालित किया गया। इसके साथ ही जिले में स्वामी आत्मानंद हिंदी एवं इंग्लिश मीडियम स्कूल का संचालन किया जा रहा है। इसका परिणाम यहा हुआ कि पिछले शिक्षण सत्र में सुकमा जिला पूरे राज्य में 10वीं में प्रथम स्थान और 12वीं दूसरा स्थान पर रहा है। इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और शिक्षा विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि संवेदनसील जिले के कारण काम करने का भय बना रहता था। परंतु शासन-प्रशासन के प्रयासो से संवेदनशील जिला होने पर भी लगातार सकारात्मक खबरे आ रही है। आज जिले के बच्ची लंदन जैसे शहरों में जाकर नौकरी कर जिले का नाम रोशन कर रही है। प्रदेश सरकार ने किसानों को और आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए इस वर्ष 20 क्विंटल पर एकड़ कर दिया है। उन्होने कहा कि राजीव गांधी कृषि भूमिहीन मजदूर न्याय योजना के तहत पूरे प्रदेश भर में बैगा, गुनिया, सिरहा जैसे लोगों को प्रतिवर्ष 7 हजार देकर आर्थिक रुप से संवलंबन बनाने का काम कर रही है। साथ ही उन्होंने जिले में हो रहे शासन की जनकल्याणकारी योजनओं के सफल संचालन हेतु जिला प्रशासन की सराहना की। इसके अलावा अतिसंवेदनसील क्षेत्र में जगरगुण्डा में स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि पहले यहां के लोग दूसरे जिले तथा राज्यों में जाकर इलाज कराते थें। परंतु शासन-प्रशासन के प्रयासों से अधिकतर इलाज जिले में ही किया जा रहा है। इस अवसर पर छात्राओं के द्वारा सांस्कृहितक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में अंत्याव्सायी सहकारी वित्त एवं विकास विभाग द्वारा हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित- जिला अंत्याव्सायी सहकारी वित्त एवं विकास विभाग द्वारा विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर पैसेंजर योजना के तहत ग्राम धोबनपाल के हितग्राही चेरो दुवारी और गुड्स कैरियर योजना के तहत ग्राम कांजीपानी के हितग्राही रमेश मांझी को पिकअप की चाबी सौंपी गई।

## समाचार संक्षेप

### विश्व आदिवासी दिवस पर मुस्लिम समाज ने पिलाया ठंडा शरबत



**सुकमा,10 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर अंजुमन इस्लामिया कमेटी सुकमा के नेतृत्व में मस्ताना उर्स कमेटी द्वारा आदिवासी समुदाय के लोगों का भव्य स्वागत किया गया। शहर के पटनमपारा स्थित मस्जिद चौक पर रैली में लोगों को विश्व आदिवासी की बधाई दी और शरबत पिलाया गया। इस दौरान सुकमा जिला मुख्यालय में एकता और भाईचारे का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। सुकमा अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर हाजी कसीमुद्दिन खान ने सभी आदिवासी भाइयों को बधाई देते हुए कहा कि त्योहार एकता व भाईचारे का संदेश देते हैं। सभी धर्म समुदाय के लोग एक दूसरे के पर्व को महत्व देते हुए हर्षोल्लास व भाईचारे के साथ त्योहार मनाते चले आ रहे हैं। सेवाभाव का संदेश पूरे विश्व में जाता है। बस्तर में कई सालों से हर वर्ग के लोग निवासरत हैं और शांतिपूर्ण ढंग से एक दूसरे के सुख—दुख में साथ खड़े हैं। यही बस्तर को अलग पहचान देता है। इस दौरान अंजुमन इस्लामिया कमेटी सुकमा के सेक्रेटरी शेख सजार, अमान खान अब्दुल गफ्फार, पूर्व पार्षद अब्दुल गफ्फुर, मोहम्मद सुल्तान, मोहम्मद रफीक, हाजी इरफान खान, असीम खान मोहम्मद हुसैन समेत बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के युवा एवं बुर्जुग मौजूद रहे।

### सर्व आदिवासी समाज के कार्यक्रम में पहुंचे कवासी लखमा



**सुकमा,10 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला मुख्यालय स्थित सर्व आदिवासी समाज भवन में आज विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य पर जिले भर के विभिन्न आदिवासी समुदाय के लोग एकत्रित हुए और पारंपरिक रूप से हर्ष के साथ एक दूसरे को बधाई दी। पुरुषों ने जहां धोती कुर्ता, पटका और कलगी धारण किया तो वहीं महिलाएं और किशोरियां पारंपरिक परिधान और आभूषण में सुसज्जित रही। पारंपरिक गीत, नृत्य से सभी ने अपनी सांस्कृतिक धरोहर को याद किया। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ नागरिक और विभिन्न समाज प्रमुख उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी ने आदिवासी समाज को विश्व आदिवासी दिवस की बधाई दी ।उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा ने कहा कि आज आदिवासी समुदाय की पहचान विश्व पटल पर है। देश ही नहीं पूरा विश्व आज आदिवासी दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाता है। हम आदिवासी, सादा जीवन जीना पसंद करते है। जल, जंगल, जमीन और उसके जीव जंतु, पेड़ आदि ही हमको प्रिय है, जिसकी सुरक्षा और संवर्धन हेतु हम सभी किसी भी संकट का डट कर सामना करने के तैयार रहते है ।उन्होंने वृक्षों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें गर्व होना चाहिए की हम प्रकृति के बीच अपना खुशहाल जीवन जीते है, आज इन घने जंगल के कारण की वर्षा हो रही है। जहां वृक्ष होते हैं, वहां बरसात होना तय है, जिससे धरती में फूल पौधे जंतुओं को नव जीवन मिलता है। हमे जरूरत है इन प्राकृतिक धरोहरों को सहेजने की, इनके संवर्धन करने की ।इस अवसर पर प्रदेश के आबकारी मंत्री श्री कवासी लखमा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री बोड्डू राजा, श्री मनीष कुंजाम, श्री हूंगाराम मरकाम, श्री धनीराम बारसे, एसपी श्री किरण चव्हाण सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और अधिकारी एवम् कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### 15 अगस्त शुष्क दिवस घोषित

जगदलपुर, 10 अगस्त । आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मदिरा विक्रय हेतु शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उक्त निर्देश के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. द्वारा स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 15 अगस्त को जिले में स्थित सभी प्रकार की मदिरा दुकानें अर्थात देशी मदिरा तथा विदेशी मदिरा दुकानों सहित एफएल–3 होटल बार, एफएल–7 सैनिक कैंटीन एवं मद्य भण्डागार जगदलपुर को पूर्णतः बन्द रखे जाने आदेश जारी किया गया है। वहीं उक्त दिवस पर मदिरा का विक्रय न होने पाये और न ही किसी भी प्रकार से मदिरा का संव्यवहार हो, यह सुनिश्चित किये जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गए हैं।

### कृषि विभाग के उड़नदस्ता ने कृषि सेवा केंद्रो का औचक निरीक्षण किया



**कांकेर 10 अगस्त।** खरीफ वर्ष 2023 हेतु खेती कार्य मे उपयोग होने वाले खाद बीज उर्वरक कीटनाशी एवं रसायनों का गुणवत्ता जांच करने एवं कृषकों को उच्च गुणवत्ता युक्त रासायनिक उर्वरक कीटनाशी खरपतवार नाशी दवाई एवं अन्य कृषि कार्य मे उपयोग होने वाली अदान सामग्रियों को निर्धारित दरों पर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय उड़न दस्त दल के अधिकारी रितेश मोरघरे सहायक संचालक कृषि संचालनालय कृषि रायपुर छत्तीसगढ़ एवं सीआर भास्कर सहायक संचालक कृषि कांकेर के द्वारा विकासखंड भानुप्रतापपुर के अंतर्गत आने वाले निजी कृषि केंद्र कोरर में संचालित मां भगवती कृषि केंद्र एवं माधव कृषि सेवा केंद्र कोरर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मां भगवती कृषि केंद्र कोरर में कई अनिमियता पाई गई, जिसमें मूल्यप्रदर्शन बोर्ड का उपयोग नहीं किया जाना, दवाई का स्कंद व विवरण तैयार नहीं करना, फर्म द्वारा बिल में कृषकों का हस्ताक्षर न लेना, लायसेंस की मूल प्रति उपलब्ध नहीं कराया जाना, जो कि कीटनाशी अधिनियम 1968 नियम 1971 के तहत उलंघन करते हुए व्यापार में संलग्न पाया गया। इसके अलावा दुकान परिसर में कालातीत दवाई हरित क्रॉप ग्रीन लाइफ क्रॉप प्रोडक्शन 12 बाल्टी तथा वरदान बायोस्टेट 7 बाल्टी बायोस्टिमुलेन्ट का भंडारण बिना उर्वरक अनुसंशित के पाए जाने पर जब्ती प्रकरण बनाया गया। नियमों का अवहेलना करने के वजह से कारण बताओ नोटिस जारी भी किया गया। उसके उपरांत उड़नदस्ता टीम द्वारा माधव कृषि केंद्र कोरर का निरीक्षण किया गया, जिसमें उक्त फर्म द्वारा पीसी जुड़वाए बिना तीन साल से अवैध रूप से कीटनाशक का भंडारण व बिक्री करना पाया गया, जिससे मौके पर टीम द्वारा तत्काल माधव कृषि सेवा केंद्र को सील बंद की कार्यवाही की गई। इसके अलावा दुर्गा ट्रेर्ड्स का दुकान सह गोदाम में बायोस्टिमुलेट नर्मदा फास्फेट लिमिटेड हरदी बिलासपुर का उर्वरक लाइसेंस में बगैर जुड़वाए विक्रय करते पाया गया, जिसका जप्ती प्रकरण बनाया गया। उड़नदस्ता टीम की छापेमार कर्यवाही के दौरान उर्वरक एवं कीटनाशी निरीक्षक निरंजन नरेटी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी आशीष साहू उपस्थित थे।

## एक नजर

### भेलवाडीह में लगा नया ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों ने मंत्री उमेश पटेल का जताया आभार

**खरसिया,10 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** उच्च शिक्षा मंत्री एवं खरसिया विधायक उमेश पटेल के निर्देश पर ग्राम भेलवाडीह के पंचमुखी हनुमान मंदिर मोहल्ला में नया विद्युत ट्रांसफार्मर लगाया गया है। जिसके बाद गांव में बिजली की समस्या का समाधान हो गया है। इस संबंध में कांग्रेस के युवा तुर्क राकेश पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत कुछ दिनों से ग्राम भेलवाडीह के पंचमुखी हनुमान मंदिर मोहल्ला का ट्रांसफार्मर खराब गया था, जिससे मोहल्लेवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को देखते हुए हमने केबिनेट मंत्री उमेश पटेल को गांव में हो रही बिजली संबंधी समस्या से उन्हें अवगत कराया, तो मंत्री उमेश पटेल ने तत्काल बिजली विभाग के अफसरों को निर्देशित किया, जिसके बाद बिजली विभाग के कर्मचारियों ने 63 किलोवाट का नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर गांव में बिजली सप्लाई शुरू की। बिजली संबंधी समस्या से निजात मिलने के बाद गांव के लोगों में हर्ष का माहौल है। वहीं मोहल्लेवासियों ने मंत्री उमेश पटेल का धन्यवाद करते हुए आभार ज्ञापित किया है।



### पुनर्वास नीति के चलते अनेक नक्सली हिंसा पीड़ितों को मिलेगी राहत

**गरियाबंद, 10 अगस्त।** नक्सली पीड़ित परिवारों को पुनर्वास नीति से संबंधित कार्य योजना को कार्यान्वित करने के लिए आज संयुक्त जिला कार्यलय गरियाबंद के सभाकक्ष में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा की अध्यक्षता में आयोजित समिति की इस बैठक में नक्सल हिंसा पीड़ित, घायल लोगों एवं आत्मसमर्पित नक्सलियों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में वन मण्डाधिकारी मणिवासगन एस, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, समस्त एसडीएम सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर आकाश छिकारा ने नक्सल पीड़ित परिवारों को पुनर्वास नीति के तहत शासन के 33 योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित करने संबंधित जनपद सीईओ, एसडीएम को निर्देशित किया है। इसके लिए एक सप्ताह के भीतर उनसे मिलकर फार्म भरवाने की कार्यवाही शुरू करें। उन्होंने कहा कि नक्सल पीड़ित परिवारों के पुनर्वास नीति के तहत नक्सली हिंसा से पीड़ित परिवार के सदस्य को शासकीय सेवा में नियुक्ति, नक्सली हिंसा से प्रताड़ित परिवारों को जमीन के बदले जमीन, राशन कार्ड, नि:शुल्क बस यात्रा पास सहित अन्य शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करे।

### कलेक्टर ने समाज प्रमुखों से की चर्चा



**महासमुंद।** कलेक्टर प्रभात मलिक ने जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि व प्रमुखों से चर्चा कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। कलेक्टर ने विशेष रुप से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान किए गए घोषणा के क्रियान्वयन और समय-समय पर किए गए घोषणा के संबंध में चर्चा की। उन्होंने राशि स्वीकृति और भूमि आबंटन संबंधी जानकारी साझा की। कलेक्टर ने कहा कि हमारा प्रयास है कि मुख्यमंत्री द्वारा किए गए घोषणा पर अमल जल्द से जल्द हो, विशेषकर उनके द्वारा जो सामाजिक भवनों व जमीन आबंटन की घोषणा की गयी है, उसके लिए उन्होंने सभी समाज से आग्रह किया कि एक साथ बैठकर चर्चा करें। कलेक्टर मलिक ने कहा कि यदि सभी सामाजिक भवन एक ही स्थान पर बने तो यह बेहतर विकल्प हो सकता है। ऐसी स्थिति में रोड, गार्डन और अन्य आधारभूत सुविधाएं प्रशासन द्वारा मुहैया कराई जाएगी, इसके लिए उन्होंने सामाजिकजनों से सहमति चाही। कलेक्टर ने इसके अलावा समाज में व्याप्त कई बुराइयों के समाधान के लिए भी अपील किया। कलेक्टर मलिक ने कहा कि प्रत्येक गांव में मुक्तिधाम है या नहीं, यदि मुक्तिधाम में अतिक्रमण है तो उसे हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा में मुक्तिधाम, आंगनबाड़ी, लाइब्रेरी और खेलकूद के लिए राशि स्वीकृत की जाएगी। उन्होंने समाजिकजनों से अपील किया कि गांव में स्कूल, आंगनबाड़ी की स्थिति का निरीक्षण करते हुए उन्हें अवगत कराएं। स्कूलों में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए भी आगे आये। किसी भी समाज में कुपोषित बच्चे नहीं होने चाहिए इसके लिए समजिक जनों को भी आगे आने का आग्रह किया। कलेक्टर मलिक ने कहा कि जाति प्रमाण पत्र के लिए स्थाई समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। अब कक्षा 1 से 12वीं तक स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के जाति प्रमाण पत्र स्कूल में ही बनाए जाएंगे, इसके लिए सभी प्राचार्यो को निर्देशित किया गया है। यदि रिकॉर्ड संबंधी कोई परेशानी आ रही है तो ग्राम में ग्रामसभा से एवं नगर निकाय में सामान्य सभा से प्रस्ताव पारित कर लेवे। उन्होंने बताया कि अब व्यक्ति के मानसिक विकलांगता के उपचार के लिए फिजियोथैरेपी हर ब्लॉक में नियुक्ति की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम को देखते हुए सर्पदंश से होने वाली मौतों को रोकने के लिए ऐसे लोगो के बारे में जानकारी रखें जो सांप पकड़ते हों, ऐसे लोगों की सूची बनाकर गांव में चस्पा करें और लोगों को बताएं। चर्चा के दौरान सामाजिक प्रमुखों ने कई ज्वलंत समस्याओं के सम्बंध में चर्चा की। कलेक्टर ने कहा कि समस्याओं के समाधान के लिए सबसे सहयोग लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान समाज के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर के इस पहल की सराहना की और धन्यवाद ज्ञापित किया।

#### जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस मनाया

# आदिवासियों की संस्कृति सहेजने का काम कर रही छत्तीसगढ़ सरकार:शुक्ल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद,10 अगस्त।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आज वन विभाग के ऑक्शन हॉल में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक अमितेश शुक्ल मुख्य अतिथि के रूप में कहां सामुहिक वन अधिकार वितरण करने के मामले में छत्तीसगढ़ प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में से एक है। इसके अलावा उन्होंने आदिवासी समाज के लोगों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अंतर्गत हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र, कृषि सामग्री, केसीसी ऋण वितरण एवं अनुदान का भी वितरण किया गया। साथ ही विशेष पिछड़ी जनजाति के हितग्राहियों को विभिन्न पदों के लिए नियुक्ति पत्र भी दिया गया।इस अवसर पर विधायक श्री शुक्ल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार आदिवासियों के मान-सम्मान के लिए गंभीरता से काम कर रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में आदिवासी संस्कृति को सहेजने का काम भी कर रही है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आदिवासी परम्परा एवं संस्कृति के संरक्षण के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। आदिवासी परब सम्मान निधि योजना के अंतर्गत तीज-त्यौहारों को हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए सहायता राशि भी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सामुहिक वन अधिकार वितरण करने के मामले में छत्तीसगढ़ प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में से एक है। इसके अलावा उन्होंने आदिवासी समाज के लोगों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर कलेक्टर ने जिलेवासियों को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला प्रशासन द्वारा विश्व आदिवासी दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गरियाबंद जिले में 22 हजार 665 व्यक्तिगत वन अधिकार दावे, 693 वन अधिकार सामूहिक वन अधिकार एवं 134 सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र स्वीकृत किये गये हैं। वन अधिकार हितग्राहियों के माध्यम से आर्थिक विकास के लिए विभिन्न आजीविकामूलक कार्य कराये जा रहे हैं।इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। जिनमें आदिवासी विकास विभाग द्वारा 15 हितग्राहियों को सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र, व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र तथा 45 ऋण पुस्तिका का वितरण किया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 15 कार्य का कार्य आदेश जारी किया गया, शिक्षा विभाग द्वारा 16 विशेष पिछड़ी जनजाति के अभ्यर्थियों को भृत्य पद में नियुक्ति आदेश प्रदान किया गया। पशु चिकित्सा विभाग द्वारा 04 विशेष पिछड़ी जनजाति के अभ्यर्थियों को स्वच्छकर्ता परिचारक सह चौकीदार पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। कृषि विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को उड़द मिनीकीट का वितरण किया गया, वन विभाग द्वारा 25 हितग्राहियों को तेंदुपत्ता संग्रहक सुरक्षा अनुदान, तेंदुपत्ता बोनस वितरण संग्रहक एवं परिश्रमिक के रूप में 30 लाख 51 हजार 597 रूपये का चेक वितरण किया गया। लीड बैंक गरियाबंद द्वारा 11 हितग्राहियों को 32 लाख 44 हजार रूपये के.सी.सी. ऋण का चेक प्रदान किया गया। क्रेड़ा विभाग द्वारा 05 हितग्राहियों को सबमर्सिबल पंप का वितरण किया गया एवं जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित गरियाबंद को 28 हितग्राहियों को ऋण वितरित किया गया। साथ ही श्री भैया लाल ध्रुव, सरपंच ग्राम पंचायत हाथबाय को अपने पंचायत क्षेत्र में व्यक्तिगत एवं समुदायिक वन अधिकार वितरण क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। खोज एवं जनजागृति समिति जयंती नगर मैनपुर को जिले में वन संसाधन अधिकार दावा पत्र तैयार करने में विशेष सहयोग प्रदान करने हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। जिले में अनुसूचित जनजाति के हितार्थ उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति विशेष भरत दीवान, अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज,को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। इस अवसर पर जनपद पंचायत गरियाबंद की अध्यक्ष श्रीमती लालीमा ठाकुर, फिंगेश्वर जनपद अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा साहू, वन मण्डलाधिकारी मणिवासगन एस, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत सहित आदिवासी समाज के विभिन्न पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# जिले में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने विनोबा कार्यक्रम की शुरुआत




**गरियाबंद, 10 अगस्त।** ओपन लिंक फाउंडेशन एवं जिला प्रशासन गरियाबंद के मध्य एम ओ यू साइन किया गया। जिसके तहत जिले में विनोबा नामक कार्यक्रम की शुरुआत की गई इस प्रोग्राम में ओपन लिंक फाउंडेशन के द्वारा निर्मित एक ऐप टिकलिंक अर्थात विनोबा ऐप्प के माध्यम से शिक्षक सहायता कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। यह ऐप न केवल शिक्षकों को शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराएगी बल्कि इसके माध्यम से टीचर रिकॉग्निशन एवं मोटिवेशन का कार्य भी किया जा सकेगा। इस ऐप के माध्यम से फील्ड की मॉनिटरिंग एवं विभिन्न तरह के कार्यक्रमों की डाटा विश्लेषण एवं समीक्षा भी संभव हो पाएगा, इस ऐप में जिले के सभी स्कूलों एवं शिक्षकों की जानकारियां फीड की गई है। सभी शिक्षकों को इसमें लोगों के माध्यम से अपने स्कूल एवं कक्षागत गतिविधियों एवं फोटो वीडियो आदि शेयर करने की सुविधा होगी। जिसे संकुल ब्लॉक एवं जिला लेवल के अधिकारियों के द्वारा देखा जा सकेगा तथा निर्देश दिए जा सकेंगे।जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर श्री आकाश छिकारा एवं ओपन लिंक फाउंडेशन के ट्रस्टी श्री राजीव कुमार एवं फाउंडर मैनेजिंग ट्रस्टी श्री संजय डालमिया के मध्य एमओयू साइन किया गया। जिला प्रशासन गरियाबंद एवं ओपन लिंक फाउंडेशन पुणे महाराष्ट्र के मध्य एमओयू साइन किया गया जिसके तहत गरियाबंद जिले में विनोबा कार्यक्रम की शुरुआत हुई। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में पहली बार शुरूआत की गई है। विनोबा ऐप के माध्यम से शिक्षकों को शिक्षण सामग्रियां एवं शिक्षण प्लानिंग की सुविधा मिलेगी साथ ही सामग्री को एक दूसरे से शेयर कर पाएंगे जिन स्कूलों में शिक्षकों की कमी है वहां ऑडियो वीडियो माध्यम से शिक्षण प्रक्रिया में सुविधा मिलेगी। इस ऐप के माध्यम से दूरस्थ अंचल के स्कूलों में चल रही गतिविधियों की मॉनिटरिंग भी संभव हो पाएगी स्कूल की गतिविधियां संकुल तथा ब्लॉक एवं जिला लेवल से देखा जा सकेगा तथा डेटा विश्लेषण कर त्वरित उपाय एवं मार्गदर्शन किया ज सकेगा।

कलेक्टर श्री छिकारा ने बताया कि इस ऐप के माध्यम से टेक्नोलॉजी का उपयोग कर शिक्षण प्रक्रिया को सुगम बनाया जा सकता है तथा अपने जिले एवं अपनी आवश्यकता के अनुसार शिक्षण सामग्री या अन्य प्रपत्र प्रसारित किए जा सकते हैं। गरियाबंद जिले को शिक्षा के क्षेत्र में आगे लाने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। इसके लिए स्कूलों में पढ़ेगा बचपन अभियान के माध्यम से बच्चों में पढ़ने की आदत डालने तथा पढ़ाई को रुचिकर बनाने पढ़ेगा बचपन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत विद्यालयों में अनेक रुचिकर गतिविधियाँ करायी जा रही है।

### मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत जिले में अनेक कार्यक्रमों का होगा आयोजन

**रायगढ़, 10 अगस्त।** मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत जिले में 30 अगस्त तक शहरी क्षेत्र से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अभियान के लिए विभाग द्वारा तैयारी कर ली गई है। उल्लेखनीय है कि केंद्र एवं राज्य शासन के निर्देशानुसार देश की आजादी के 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव पूरे देश में मनाया जा रहा है। विगत दो वर्षो से चल रहे इस कार्यक्रम का समापन मेरी माटी मेरा देश अभियान के रूप में होगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े वीरों का सम्मान करना जिन्होंने हमारे भविष्य के लिए अपना आज त्याग दिया। वीरों के सम्मान में कर्तव्य पथ दिल्ली में आजादी का अमृत महोत्सव स्मारक और एक अमृत वाटिका निर्मित कर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों को सम्मानित किया जाएगा।कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने बताया कि मेरी माटी मेरा देश अभियान का आयोजन पूरे जिले में गरिमा के साथ संपन्न होगा और इसके लिए सभी तैयारियां कर ली।


# पोदला उरस्कना अभियान में किया वृहद पौधारोपण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 10 अगस्त।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पोदला उरस्कना वृक्षारोपण का आयोजन बस्तर रेंज के समस्त जिलों में किया गया । दिनांक 28 जुलाई से 9 अगस्त तक जिले के शैक्षणिक संस्थानों, शासकीय कार्यालय परिसर, सुरक्षा कैम्प आदि स्थानों पर स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण निर्मित करने के लिये वृक्षारोपण किया गया । इस क्रम में जिले के समस्त थाना/कैम्पों, शैक्षणिक संस्थानों, शासकीय कार्यालयों में शहीद जवानों की स्मृति में फलदार, छायादार पौधों का रोपण किया गया । दिनांक 09/08/2023 को ÷पोदला उरस्कना वृक्षारोपण समापन कार्यक्रम के तहत् पुलिस अधीक्षक कार्यालय बीजापुर में शहीद प्रधान आरक्षक नारायण सोढ़ी(कीर्ति चक्र) एवं शहीद प्रधान आरक्षक श्रवण कश्यप (कीर्ति चक्र) की स्मृति में निर्मित शहीद वाटिका एवं फलोद्यान में वृक्षारोपण किया गया । शहीद प्रधान आरक्षक नारायण सोढ़ी की पत्नि श्रीमति सुशीला सोढ़ी द्वारा शहीद वाटिका में वृक्षारोपण किया गया ।इसी अवसर पर आज से मोर माटी, मोर देश राष्ट्रीय कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया गया । इस अवसर पर जिले के सम्माननीय जनप्रतिनिधि, शहीदों के परिजन एवं अधिकारी/कर्मचारियों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में शहीद वाटिका एवं फलोद्यान में पौधा रोपण किया ।सम्पूर्ण कार्यक्रम के दौरान बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक श्री विक्रम शाह मण्डावी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शंकर कुड़ियम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री कमलेश कारम, बस्तर विकास प्राधिकरण सदस्या श्रीमति नीना रावतिया उद्दे, राज्य युवा आयोग सदस्य श्री प्रवीण डोंगरे, उप महानिरीक्षक केरिपु सेक्टर बीजापुर श्री सुशील कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक बीजापुर श्री आंजनेय वार्ष्णेय, वन मण्डलाधिकारी बीजापुर श्री अशोक पटेल,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बीजापुर श्री रवि कुमार साहू, अति0पुलिस अधीक्षक बीजापुर श्री चन्द्रकांत गवर्ना, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री तुलसीराम लेकाम, उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स सुदीप सरकार, उप पुलिस अधीक्षक सुश्री गरिमा दादर एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में मतदाताओं को किया गया जागरूक




रायगढ़, 10 अगस्त। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में आज धरमजयगढ़ विकासखण्ड के ग्राम-खलबोरा एवं नवीन मतदान केन्द्र छुहीपहाड़ में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम-खलबोरा में विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर मतदाताओं द्वारा विभिन्न प्रकार के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सहभागिता दी गई। जिसमें स्कूली बच्चों द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु रैली, सामुहिक वृक्षारोपण, मतदान हेतु गोष्ठी आदि का आयोजन के साथ वोट बिरहोर संबंधी मानव श्रृंखला तैयार की गई थी। साथ ही विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर ने अपनी स्थानीय बोली बिरहो में मतदान हेतु शपथ ली। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु हेमनानी ने शत-प्रतिशत मतदान हेतु अपील की। इसी प्रकार जिला प्रशासन दूरस्थ नवीन मतदान केन्द्र छुहीपहाड़ के ग्रामीणों के नजदीक पहुंची। वहां के निवासरत लोगों को आगामी विधानसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का शत-प्रतिशत प्रयोग करने हेतु जागरूक किया। अपर कलेक्टर श्री राजीव पाण्डेय ने सभी को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पहले आपको अपने मताधिकार के प्रयोग हेतु क्रिन्धा एवं जलडेगा जाना पड़ता था। लेकिन इस बार आपके गांव छुहीपहाड़ में नया मतदान केंद्र बनाया गया हैं, जिससे आपको मतदान में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वोट महत्वपूर्ण होता है, आप सभी बड़े बुजुर्ग को अपना बहुमूल्य वोट देना हैं। उन्होंने चल रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य की जानकारी देते हुए नए मतदाताओं के नाम जुड़वाने, स्थानांतरित एवं मृत का नाम कटवाने बीएलओ से संपर्क करने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम धरमजयगढ़ श्री डिगेश पटेल उपस्थित रहे।

### मतदान केन्द्र बनने से होगी सहुलियत

ग्राम-छुहीपहाड़ निवासी श्री शनिराम एवं श्री सुखनराम ने बताया कि पूर्व में मतदान के लिए क्रिन्धा एवं जलडेगा जाना पड़ता था, जो कि अपने गांव से लगभग 6 किलोमीटर दूरी पर है। जिसमें खासतौर बुजुर्ग मतदाताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। आज जिला प्रशासन की टीम ने बताया कि ग्राम में ही नवीन मतदान केन्द्र बनाया गया है। जिससे सभी वर्ग के मतदाताओं को मतदान करने में आसानी होगी।

### ईवीएम एवं वीवीपीएटी का हुआ प्रदर्शन

ग्राम-खलबोरा एवं छुहीपहाड़ में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान जिला प्रशासन की टीम ने वहां मतदान से जुड़ी सभी छोटी-बड़ी जानकारियां दी। साथ ही नव मतदाता एवं आम नागरिक को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

## समाचार संक्षेप

### कृषि केन्द्रों की रायपुर टीम ने की जांच



**बीजापुर 10 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** जिले में स्थित बीज, खाद एवं कीटनाशक प्रतिष्ठानों की जाँच की जा रही है, इस परिपेक्ष्य में संचालनालय कृषि रायपुर से श्री संतराम पैकरा, सहायक संचालक कृषि के मार्गदर्शन मे जिला स्तरीय निरीक्षण दल से श्री उग्रेश कुमार देवांगन सहायक संचालक कृषि (कार्यालयीन), श्री चुनेन्द्र प्रकाश देवांगन, अनुविभागीय कृषि अधिकारी, भोपालपटनम एवं श्री मरकेला श्रीनिवास, निरीक्षक, कार्यालय उप संचालक कृषि, बीजापुर के द्वारा संयुक्त रूप से जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों में जाँच की गई मोपालपटनम के अन्तर्गत गुरला कृषि केन्द्र, दन्तेश्वरी कृषि केन्द्र एवं लेम्पस, भोपालपटम, लक्ष्मी मर्केटिंग एवं कृषि केन्द्र, बालाजी कृषि केन्द्र, मददेड का निरीक्षण किया गया, जाँच मे रिकार्ड का सही तरीके से संधारण नही किये जाने के कारण नोटिस दिया गया, बीजापुर स्थित बटोही कृषि केन्द्र में एक्सपायरी कीटनाशक बिक्री हेतु रखे जाने के कारण जब्त कर विक्रय पर प्रतिबन्ध लगाया गया है। लक्ष्मी मर्केटिंग एवं कृषि केन्द्र और बालाजी कृषि केन्द्र मदेदड में उर्वरक भण्डारण रिकार्ड का संधारण सही नहीं होने के कारण चिकय पर प्रतिबन्ध लगाया है।

### हर्षोल्लास से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस




**बीजापुर 10 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** विश्व आदिवासी दिवस के पावन अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम बीजापुर मुख्यालय स्थित शहीद वेंकटराव महाविद्यालय में हर्षोल्लास और गरिमामयी ढंग से आयोजित किया गया जिसमे जिले भर के विभिन्न आदिवासी समुदाय-दोरला, उरांव, कोरकू, परधान, कंवर सहित सर्व आदिवासी समाज के प्रमुख एवं आदिवासी समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री विक्रम शाह मंडावी एवं विशिष्ट अतिथि श्री शंकर कुड़ियम सहित जनप्रतिनिधियों एवं समाज प्रमुखों द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह, वीर गुण्डाधूर, रानी दुर्गावती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री विक्रम शाह मंडावी ने जिले वासियों को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आदिवासी जल, जंगल, जमीन के रक्षक और असली मालिक है जिन्हे प्रदेश के मुखिया श्री भूपेश बघेल के मंशानुसार जमीन का मालिकाना हक दिया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक ने 285 आदिवासियों को वनाधिकार पत्र, 71 सामुदायिक वनाधिकार पत्र एवं 03 सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के तहत वनाधिकार पत्र वितरण करते हुए मुख्यमंत्री द्वारा चुने गए तीन वनाधिकार आदर्श ग्रामों की घोषणा कि जिसमें भोपालपटनम के कोतूर, उसूर के दुगईगुड़ा एवं भैरमगढ़ के बरदेला शामिल है। विधायक श्री विक्रम मंडावी ने इस अवसर पर जिले विभिन्न आदिवासी समाज प्रमुखों को उनके समाजिक शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्रों ने विशेष योगदान हेतु सम्मानित किया और कहा कि आज प्रदेश के मुखिया के मंशानुसार सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं आदिवासी अंचलों में प्रदाय की जा रही है बरसो से संघर्षरत आदिवासी समाज को उनके जमीन का मालिकाना हक दिया जा रहा है और उनके जमीन पर शासन के विभिन्न योजनाओं के तहत समतलीकरण, तार फेसिंग, बोर उत्खनन कर किसान क्रेडिट कार्ड, मछली पालन जैसे विभिन्न आजिविकामूलक गतिविधियों से लाभान्वित किया जा रहा है। जिससे आदिवासियों के चेहरे पर मुस्कान दिख रही है। आदिवासी आर्थिक समृद्धि की ओर अग्रसर हो रहे है। वहीं आदिवासी संस्कृति को संरक्षित, संवर्धित किया जा रहा है, देवगुड़ी, मातागुड़ी का जीर्णोद्धार कर सामुदायिक वनाधिकार पत्र दिया जा रहा है। विधायक ने सभी आदिवासियों से अपील करते हुए कहा कि अपने संस्कृति, परंपरा, रूढ़ि प्रथा और मौलिकता को बनाए रखें। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शंकर कुड़ियम, उपाध्यक्ष श्री कमलेश कारम, जिला पंचायत एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के सदस्य श्रीमती नीना रावतिया उद्दे के शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने अपने रूढ़िप्रथा, संस्कृति का संरक्षण और संवर्धन करने हेतु प्रेरित किया।विभिन्न हितग्राहियों को इस अवसर पर विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया जिसमें राजस्व विभाग अर्न्तगत नि:शुल्क बी-1 खसरा का वितरण, मत्स्य विभाग के तहत आईस बाक्स एवं जाल वितरण, शिक्षा विभाग के अर्न्तगत आदिवासी मेघावी विद्यार्थियों को नगद पुरूस्कार एवं सम्मान, जिला अंत्यावसायी विभाग अर्न्तगत ट्रेक्टर वितरण, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग अर्न्तगत सब्जी बीज, मिनीकिट, मनरेगा के तहत भूमि समतलीकरण स्वीकृति प्रमाण पत्र, वन विभाग अंतर्गत तेंन्दूपत्ता पारिश्रमिक सम्मान प्रमाण पत्र सहित विभिन्न हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत एवं कृषक कल्याण बोर्ड के सदस्य श्री बसंतराव ताती, छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के सदस्य श्री इम्तियाज खान, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सरिता चांपा, जनपद पंचायत बीजापुर के अध्यक्ष श्रीमती बोधी ताती सहित जनप्रतिनिधिगण, प्रभारी कलेक्टर श्री रवि कुमार साहू, डीएफओ श्री अशोक पटेल, प्राचार्य श्री नारायण झाड़ी, संयुक्त कलेक्टर श्री पवन कुमार प्रेमी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री केएस मसराम, जिला शिक्षा अधिकारी श्री बलीराम बघेल सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण, एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, सीएमओ सहित अधिकारीगण, गणमान्य नागरिक समाज प्रमुख एवं मीडिया के प्रतिनिधिगण मौजूद थे।

### भाजपा का लाभार्थी सम्मेलन शिवशक्ति केंद्र में हुआ

**महासमुंद।** भाजपा शहर मण्डल महासमुन्द के शिवशक्ति केंद्र नयापारा में 9 अगस्त को भाजपा का लाभार्थी सम्मेलन हुआ। लाभार्थी सम्मेलन के शुभारंभ में भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली, कार्यक्रम प्रभारी महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू सहित मण्डल पदाधिकारियों, पार्षदगण, शक्ति केंद्र और बूथ समिती के सदस्यों द्वारा भारत माता, पं दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण पूजार्चना कर किया गया।

भाजपा द्वारा आयोजित इस लाभार्थी सम्मेलन में उपस्थित लाभार्थी हितग्राहियों को सम्बोधित करते हुए भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में भाजपा की सरकार के 9 साल पूरे हो चुके है और इस 9 साल के समय मे भाजपा की सरकार ने गांव, गरीब, मजदूर, किसान सहित युवा महिला सहित सभी वर्गों के विकास और उत्थान के लिए योजनाएं बनाकर कार्य किया है।

### कुर्मी क्षत्रिय महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बने गिरिजाशंकर



**महासमुंद।** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा ने गिरिजाशंकर चंद्राकर को प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर मनोनयन किया गया।

यह मनोनयन समाज के प्रदेशाध्यक्ष चंद्रभूषण वर्मा ने किया। नियुक्ति समाज के पदाधिकारियों, सदस्यों ने हर्ष जताया है।

एक नजर

## किसान कृषि केन्द्र को कृषि विभाग ने किया सील



**बलौदाबाजार 10 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देशानुसार जिले में नियम विरुद्ध कृषि आदान विक्रय करने वाले विक्रेताओं पर कृषि विभाग द्वारा नकेल कसने के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में कसडोल के कीटनाशक निरीक्षक धनेश्वर साय द्वारा गिरौधपुरी के किसान कृषि केंद्र एवं परस कृषि केंद्र का निरीक्षण किया गया जिसमें किसान कृषि केंद्र में अनियमितता पाए जाने पर दुकान संचालक को कारण बताओ सूचना जारी करते हुए तत्काल सीलबंदी की कार्यवाही की गई। निरीक्षण में किसान कृषि केंद्र में उपलब्ध स्कंध एवं मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं होना पाया गया।स्कंध पंजी संधारित नहीं किया गया था तथा कृषको द्वारा क्रय किए जा रहे कीटनाशक के साथ बिल नहीं दिया जा रहा था। कीटनाशक निरीक्षक द्वारा कीटनाशी नियम 1971 के नियम क्रमांक 10(4), 10-ष एवं 15 के तहत कार्यवाही करते हुए विक्रय केंद्र को कारण बताओ नोटिस जारी कर तत्काल सील कर दिया गया है। उपसंचालक कृषि दीपक कुमार नायक द्वारा नियम विरुद्ध कृषि आदान विक्रय केंद्रों का संचालन करने पर विक्रेताओं के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किए जाने की स्पष्ट चेतावनी दी गई है जिसके परिपालन में निरीक्षकों द्वारा कृषि आदान विक्रय केंद्रों में लगातार दबिश दी जा रही है।

## स्कूलों से लेकर आंगनबाड़ी केंद्रों तक किया जा रहा मतदाताओं को जागरूक




**बलौदाबाजार 10 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले के स्कूलों से लेकर आंगनबाड़ी केंद्रों में विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदी एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रोहांसी में शत प्रतिशत मतदान एवं पालकों को जागरूक करने हेतु संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इसी तरह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय असनीद के छात्र-छात्राओं द्वारा मानव संकल्प चक्र बना कर शत प्रतिशत मतदान करने एवं लोकतांत्रिक प्रकिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। जिला मुख्यालय स्थित एमडीवी स्वामी आत्मानंन्द इंग्लिश मीडियम स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चे पेंटिंग के माध्यम से वोट के महत्व को बताया। भाटापारा नगर में महिला स्व सहायता समूह एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में रंगोली बनाकर मतदान करने के लिए जागरूक किया। इस दौरान महिला स्व सहायता समूह से जुड़ी हुई महिलाएं उपस्थित रही।इसी तरह पलारी विकासखंड के ग्राम मुड़पार संडी में महिला स्व सहायता समूहों के सदस्यों द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

### अपनी नाकामी छुपाने वनरक्षक ने पत्रकारों को झूठे केस में फंसाने की दी धमकी

# कहीं बिना अपराध के सजा तो नहीं काट रहे होंगे जेल में ग्रामीण ?

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता






**कसडोल, 10 अगस्त।** बलौदाबाजार जिला के कसडोल नगर पंचायत से 40 किमी. दूर बार नवापारा अभ्यारण्य में अभी बरसात के मौसम में कुछ जगहों पर अखाद्य घास उन्नमूलन का कार्य चल रहा है।

वहीं समाचार संकलन के लिये फील्ड में निकले विभिन्न दैनिक समाचार पत्र के संवाददाताओं को खैर छापर नामक स्थान के समीप कक्ष क्रमांक 114 में देवेन्द्र ठाकुर (वन-रक्षक) के द्वारा अखाद्य उन्नमूलन के साथ ही चारागाह विकास कार्य से संबंधित कार्य भी, एक ही मजदूर से दोनों कार्यो का काम लिया जा रहा है। मौके पर मौजूद वनरक्षक देवेंद्र ठाकुर से संबंधित कार्यो की जानकारी पूछे जाने पर भड़कते हुए कहा कि मैं फालतू आदमियों से बात नहीं करता, कह कर चला गया। इस दौरान उस (देवेन्द्र ठाकुर) की इस बात पर दैनिक समाचार पत्र के संवाददाताओं ने नाराजगी जाहिर करते हुए, जहाँ मजदूर घास उखाड़ने के कार्य मे लगा हुआ था उस मजदूर से चल रहे कार्य से संबंधित जानकारी पूछा गया तो उसने (मजदूर ने) वन-रक्षक देवेंद्र ठाकुर ने मुझसे कहा है कि मैं कुछ नहीं जानता, ऐसा कहना। जो भी जानकारी लेना है डिप्टी साहब से जाकर पूछो। किसी को कुछ भी मत बतलाना जो भी हो, उसको मेरे पास भेजना करके बोले है। जाओ जाकर डिप्टी साहब गोपाल वर्मा से पूछो। मेरा क्या उखाड़ लोगो? वीडियो बनाना बंद करो। तुम लोगों को, चीतल के सींगों के साथ फोटो खींच कर झूठे केस में (देवेन्द्र ठाकुर द्वारा कहा गया कथन) मैं फंसा दूंगा।

इस तरह से दैनिक समाचार पत्र के संवाददाताओं के द्वारा सामान्य जानकारी पूछे जाने पर झूठे केस में फंसा देने की धमकी दी गई! आखिर किसके संरक्षण में एक अदना सा वनरक्षक धमकी दे रहा है ? जिसने नौकरी भी आरक्षण से पाई है?

आपराधिक सोच रखने वाले देवेंद्र ठाकुर और वन-विभाग में कार्य करने अधिकारी - कर्मचारियों द्वारा ऐसे में, ना जानें कितने मासूम गांव वालों को अपनी नाकामियों और अपनी जिम्मेदारिओं से बचने के लिए झूठे केस में फंसाते आ रहे होंगे? इन वर्दीधारी गुंडों की वजह से, ग्रामीण निरापराध सजा भुगतते होंगे? जब इस तरह से विभिन्न दैनिक समाचार पत्र के संवाददाताओं को झूठे केस में फंसाने की खुलेआम धमकी दी जा रही है तो कम पढ़े-लिखे ग्रामीणों के साथ में, ये वनभक्षक मतलब वनरक्षक कैसा व्यवहार करते होंगे? ये वही वन-रक्षक है जिनके पकरीद निवास स्थान से महज 50 मीटर की दूरी पर दो तीन दिनों पूर्व देवपुर परिक्षेत्र के अंतर्गत विद्युत करेंट की चपेट में आने से एक वन्यजीव की दर्दनाक मौत हुई थी और इसको भनक तक नहीं लगा। इसको (देवेन्द्र ठाकुर को) विभागीय तौर से कुछ भी पूछताछ नहीं हुई। क्या इस घटना के लिए ये जवाबदेह नहीं है या केवल हर महीना सरकारी वेतन पर एशो-आराम करने के लिये देवेन्द्र ठाकुर, आरक्षण की बैशाखी से वनरक्षक बना बैठा है? वन विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा भी अपने इस चहेते कर्मचारी की नाकामियों पर लगातार पर्दा डालते आ रहे हैं। वही इस सम्बंध में बार नवापारा अभ्यारण्य वन-अधीक्षक आनंद कुदरिया ने घटना पर खेद जताते हुए वन-रक्षक देवेंद्र ठाकुर पर जांच उपरांत कार्यवाही करने की बात कही है जो कि महज लीपा- पोती होगी।

## वरिष्ठ कार्यकर्ता संवाद में शामिल हुई श्याम बाई



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल, 10 अगस्त।** आज भारतीय जनता पार्टी कसडोल विधानसभा स्तरीय वरिष्ठ कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम लवन मंडल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश संगठन महामंत्री रामप्रताप सिंह का मगर्दर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि आप सब नींव के वो महान पत्थर है जिनके कारण ही आज यह संगठन इतनी ऊंचाई तक पहुंच सका है। आप सबने अपने खून पसीने से सींच कर पार्टी को यहां तक पहुंचाया है। समयानुरूप नई पीढ़ी को भी आपका आशीर्वाद मिलेगा और पार्टी फिर से छत्तीसगढ़ प्रदेश में अपनी सरकार बना सकेगी ऐसा मुझे विश्वास है। इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने अपने लंबे राजनीतिक जीवन के खट्टे-मीठे अनुभव से सबका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हमारे पास आज भी इतनी उर्जा और शक्ति है कि भूपेश की सरकार को छत्तीसगढ़ से उखाड़ फेंकने में सफल होंगे। इस अवसर पर प्रदेश के वरिष्ठ नेता व पूर्व प्रदेश संगठन महामंत्री रामप्रताप सिंह, भाजपा प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू, भाजपा के वरिष्ठ नेता विपिन बिहारी वर्मा, सहकारिता बैंक रायपुर के पूर्व अध्यक्ष योगेश चंद्राकर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ अजय राव, सहित सभी चारो मंडल के पदाधिकारीगण व वरिष्ठ कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## मितान योजना का घर-घर किया जा रहा प्रचार

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा, 10 अगस्त।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक मुख्यमंत्री मितान योजना के संबंध में नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा में व्यापक रूप से प्रचार प्रचार हेतु नगर के वार्डो में अध्यक्ष लेमिक्षा गुरु डहरिया मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं स्वच्छता दीदियों के द्वारा घर-घर जाकर पाम्पलेट वितरण कर मितान योजना के संबंध में जानकारी दिया जा रहा है तथा अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षदों को भी आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु पत्र के द्वारा प्रेषित किया गया है तथा नगर में मुनादी के माध्यम से भी प्रचार प्रसार किया जा रहा है उक्त योजना में मूल निवास प्रमाण पत्र, अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र, अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण और प्रमाण पत्र, नया राशन कार्ड एपीएल सफेद नया राशन कार्ड बीपीएल प्राथमिका, राशन कार्ड ट्रांसफर /सरेंडर, राशन कार्ड में सुधार, जन्म प्रमाण पत्र, दुकान और स्थापना पंजीकरण, भूमि सूचना, जन्म प्रमाण पत्र में सुधार, मृत्यु प्रमाण पत्र में सुधार, आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशन कार्ड में सदस्य जोड़ने /हटाने के लिए राशन कार्ड खो जाने, घूम जाने एवं राशन कार्ड में सुधार का कार्य, समय सीमा में किया जा कर मितान द्वारा घर पहुंच कर सेवा किया जा रहा है जिससे नगर में शासन की महत्वपूर्ण योजना का लाभ मिल रहा है।

## बदहाल सड़क पर पौधे लगाकर नागपुर चिचोला हाईवे पर बैठे भाजयुमो कार्यकर्ता

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़, 10 अगस्त।** नीचे मंदीर से कालेज रोड की बदहाल सड़क को बनाने की मांग को लेकर पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत भाजयुमो के कार्यकर्ता दोपहर लगभग 1 बजे रानी आवन्ति बाई पुतले के पास एकत्र हो पैदल मार्च करते नीचे मंदीर के पीछे सतबहिनी मार्ग होते विधायक के खिलाफ नारेबाजी करते मार्ग पर पड़ रहे गड्ढो में पौधा लगाते नागपुर चिचोला हाइवे रोड पर बैठ गए इस दौरान गाड़ियों की लंबी कतार खड़ी हो गई और नायब तहसीलदार विजय साहू व पीडब्लुडी के इंजीनियर की समझाईश व आश्वासन के बाद सड़क से हटे. इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारीयो सहित कार्यकर्ताओं ने बताया कि मां बम्लेश्वरी मंदिर के नाम से डोंगरगढ़ पूरे विश्व में प्रसिद्ध है यहां हर साल लाखों श्रद्धालु देवी दर्शन के लिए आते है ऊपर मंदिर से नीचे मंदिर तक नीचे मंदिर से कालेज तक की रोड बहुत ही खराब हालत में है जिससे दर्शनार्थियों एवं स्थानीय लोगो को हो रही तकलीफ शासन, प्रशासन किसी को नजर नहीं आ रही है इस खराब रोड़ में कई एक्सीडेंट भी हो चुके है इन सबको देखते हुए इस रोड का निर्माण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए 7 यहां के स्थानीय विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष एवं प्रशासन बहुत ही निष्क्रिय है उनकी निष्क्रियता को याद दिलाने के लिए विरोध प्रदर्शन आज किया जा रहा है और मांग है कि जल्द से जल्द ऊपर मंदिर से कालेज तक रोड का निर्माण करवाया जाए अन्यथा युवा मोर्चा के द्वारा आगामी समय में उग्र आंदोलन किया जा सकता है।

## विश्व आदिवासी दिवस पर रही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 10 अगस्त।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के तत्वधान में प्री मैट्रिक आदिवासी छात्रावास के प्रांगण पर सभी छात्रावास के छात्र-छात्राओं पालको नगर जनो द्वारा संयुक्त रूप से विश्व आदिवासी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कार्यक्रम के अतिथि के रूप में तोकेश्वरी मांझी अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा, उमेंन्द्र सिंह सोरी पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष, चित्ररेखा ध्रुव पार्षद नगर पंचायत छुरा हेमलता ध्रुव, हेमलाल कंवर एडीओ जनपद पंचायत छुरा संजय ध्रुव ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, नीलकंठ ठाकुर जनपद सदस्य सर्व आदिवासी समाज की प्रांतीय उपाध्यक्ष, समाजसेवी शीतल ध्रुव, पुनितराम ठाकुर, मंचासीन रहे।सर्वप्रथम भगवान बुढ़ादेव छत्तीसगढ़ महतारी एवं तीर कमान की पूजा परंपरागत विधि विधान से किया गया पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत महुआ फुल के हार गुलाल बेच पीला चावल से किया गया उद्बोधन करते हुए तोकेश्वरी मांझी ने कहा कि आदिवासी समाज की पहचान उसकी परंपरा है आदिवासियों के उत्थान शिक्षक सामाजिक व समानता मुख्यधारा में जोड़ने के लिए यूनिष्को द्वारा 193 देशों के आदिवासियों को एक सुत्र मे पिरोने के लिए 1994 में 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस घोषित किया गया।नीलकंठ ठाकुर प्रदेश उपाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज ने कहा कि आदिवासियों को जो अधिकार शासन द्वारा मिला है जिसके तहत अपने अधिकार का प्रयोग करें व समाज में शिक्षा संस्कृति के प्रति जनजागृति लायें सभा को हेमलाल कंवर एडीओ जनपद छुरा, संजय ध्रुव ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी ने संबोधित किया।उद्बोधन पश्चात कन्या आश्रम की बालिकाओं द्वारा जल जंगल जमीन से संबंधित झांकी मंच पर प्रस्तुत किया गया प्री मैट्रिक बालक छात्रावास प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास द्वारा सुआ गीत, रिलोगीत, पोष्ट मैट्रिक बालक छात्रावास द्वारा आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात छात्र-छात्राओं अतिथियों जनप्रतिनिधियों एवं आमंत्रित नगर वासियों द्वारा सामूहिक आदिवासी रेलापाटा नृत्य में शामिल हुए कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी शीतल ध्रुव ने किया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से छात्रावास अधीक्षक गण गिरधारी लाल कुम्हकार, देवप्रकाश साहू, तुलेश्वरी कंवर, सपना कंसारी, प्रेमबत्ती ध्रुव, देवकी ध्रुव, भूपेंद्र कुमार ध्रुव, बृजलाल ध्रुव समाज प्रमुख, सरस्वती ध्रुव, ओमबाई, प्रियंका ध्रुव, खेमा कंवर, अंजूलहरे डिगेश्वरी, रेवती, देवनारायण यदु, हीरा लाल साहू, अर्जुन धनंजय सिन्हा, यश सिन्हा, एवन ध्रुव पंकज ठाकुर, एवं सर्व आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।

**नाम स्पष्टीकरण सूचना**

मैं आयुष राजपाल, आयु-19 वर्ष, पिता-श्री भीषम राजपाल, गंजपारा, बांस टाल, स्टेशन रोड, रायपुर छ.ग. का निवासी हूं।

पोस्ट ऑफिस एवं सिंडीकेट बैंक (केनरा बैंक) में मेरे नाम से खाता है जिसमें भूलवश मेरा घरेलू नाम 'दीपक राजपाल' दर्ज हो गया है।

मेरा वास्तविक व सही नाम 'आयुष राजपाल' है जो कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 5130 0844 1159 में दर्ज है। तथा यही नाम मेरे समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में भी दर्ज है।

'दीपक राजपाल' व 'आयुष राजपाल' उक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरे ही नाम है। उ परोक्तानुसार उचित संशोधन अपेक्षित है।

**आयुष राजपाल**
**गंजपारा, बांसटाल**
**स्टेशन रोड, रायपुर छ.ग.**

**नाम स्पष्टीकरण सूचना**

मैं ईशान राजपाल, उम्र-19 वर्ष लगभग पिता-श्री महेश राजपाल गंजपारा, बांस टाल, स्टेशन रोड, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. का निवासी हूं।

मेरे आधार कार्ड 6027 1764 2253 में मेरा नाम उपरोक्तानुसार अंकित है।

मेरे एल.आई.सी. व पोस्ट आफिस के दस्तावेजों में मेरा नाम त्रुटिवश ईश्वर राजपाल अंकित है।

ईशान राजपाल एवं ईश्वर राजपाल दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

उपरोक्तानुसार उचित संशोधन अपेक्षित है।

**ईशान राजपाल**
**गंजपारा, बांसटाल,**
**स्टेशन रोड, रायपुर छ.ग.**

# मुख्यमंत्री बघेल के नेतृत्व में आदिवासियों का हो रहा है सतत विकास : चंद्रदेव राय

## आदिवासियों की संस्कृति के सरक्षण एवं सवर्धन का कार्य कर रही है भूपेश सरकार

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 10 अगस्त।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आज जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिमसें मुख्य अथिति संसदीय सचिव एवं बिलाईगढ़ विधायक चंद्रदेव प्रसाद राय शामिल हुए है। उन्होंने इस मौके पर जिले के 56 हजार से अधिक आदिवासी हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत 15 करोड़ 24 लाख रुपये से अधिक राशि का वितरण किया। जिसमे 60 तेंदूपत्ता संग्रहाक समिति के 55 हजार 880 तेंदूपत्ता हितग्राहियों को पारिश्रमिक के रूप में बकाया बोनस कुल 14 करोड़ 20 लाख 90 हजार रुपये प्रदान किया गया। जिसमें वर्ष 2023 के 24 समितियों के 19 हजार 591 हितग्राहियों को 6 करोड़ 40 लाख 71 हजार 920 रुपये, बोनस के रूप में 2021 के रूप में 19 समितियों के 19 हजार 245 हितग्राहियों को 2 करोड़ 65 लाख 63 हजार 792 रुपये एवं वर्ष 2022 के 17 समितियों के 17 हजार 44 हितग्राहियों को 5 करोड़ 14 लाख 59 हजार 483 रुपये शामिल है। इसी तरह आज 59 हितग्राहियों को व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र सहित, 1 गांव कसडोल अंतर्गत ग्राम गबोद के ग्रामीणों को सामुदायिक वन अधिकार संसधान पत्र प्रदान किया गया है। साथ ही मनरेगा के तहत 159 आदिवासी हितग्राहियों के लिए 1 करोड़ 4 लाख रुपये के विभिन्न कार्यो की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त रोजगार मूलक कार्य हेतु 10 हितग्राहियों को अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा 2 लाख रूपये ऋण का वितरण किया गया है। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट छात्र छात्राओं सहित समाज मे महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने वाले आदिवासी समाज के प्रतिभाशाली व्यक्तियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर कृषक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, जीव जंतु कल्याण बोर्ड अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला, पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, अनुसूचित जनजाति आयोग सदस्य गणेश सिंह ध्रुव, श्रमिक कल्याण बोर्ड सदस्य सतीश अग्रवाल, रजक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष, लोकेश कन्नोजे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरिता ठाकुर, मंडी अध्यक्ष बलौदाबाजार तुलसी वर्मा, भाटापारा सुशील शर्मा, जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य शेख अलीमुद्दीन, गोरे लाल साहू, परमेश्वर यदु, रमेश धृतलहरे अध्यक्ष जनपदपंचायत कसडोल सिद्धांत मिश्रा, पलारी खिलेंद्र वर्मा जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, डीएफओ मयंक अग्रवाल, अपर कलेक्टर बीसी एक्का, सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202307090100010-अ/21 वर्ष 2022-23

**ईश्तहार**

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रेमसुख कंवर आ. निहालीराम कंवर, जाति कंवर, निवासी ग्राम बड़े कुसमी, प.ह.नं. 13, तहसील डोंगरगढ़ द्वारा स्वयं स्वामित्व की ग्राम छोटे कुसमी, प.ह.न. 13, रा.नि.मं. मुसराकला, तहसील डोंगरगढ़ स्थित भूमि खसरा नं. क्रमशः 407/ 2, 411 रकबा क्रमशः 0.4130, 0.2230 कुल रकबा 0.6360 हे. भूमि को ग्राम बड़े कुसमी स्थित भूमि में रिहायसी मकान बनाने एवं भूमि को उन्नतशील बनाने हेतु रकम की आवश्यकता होने से ग्राम छोटे कुसमी स्थित उपरोक्त भूमि को गैर आदिवासी के पास उपरोक्त भूमि को विक्रय की अनुमति हेतु भू-राजस्व संहिता की धारा 165 (6) के तहत आवेदन पत्र मय दस्तावेज के माननीय कलेक्टर महोदय राजनांदगांव के समक्ष प्रस्तुत किया है जो अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़ के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उपरोक्तानुसार आवेदित भूमि गैर आदिवासी को विक्रय करने की अनुमति आवेदक को दी जाने में किसी को कोई दावा व आपत्ति हो तो, वे अपना दावा आपत्ति ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 14.08.2023 के पूर्व इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 27.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार डोंगरगढ़**

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202307090100011-अ/21 वर्ष 2022-23

**ईश्तहार**

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुजान सिंह कंवर आ. आत्मा कंवर, निवासी ग्राम बाजार चौक आरबीरा, पोस्ट मुसराकला, तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा अपने एकल स्वामित्व की ग्राम मुसराकला, तहसील डोंगरगढ़ स्थित भूमि खसरा नं. 29/17 रकबा 0.0400 हे. को अच्छी कीमत प्राप्त होने से गैर आदिवासी के पास उपरोक्त भूमि को विक्रय की अनुमति हेतु भू-राजस्व संहिता की धारा 165 (6) के तहत् आवेदन पत्र मय दस्तावेज के माननीय कलेक्टर महोदय राजनांदगांव के समक्ष प्रस्तुत किया है जो अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़ के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उपरोक्तानुसार आवेदित भूमि गैर आदिवासी को विक्रय करने की अनुमति आवेदक को दी जाने में किसी को कोई दावा व आपत्ति हो तो, वे अपना दावा आपत्ति ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 14.08.2023 के पूर्व इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 27.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार डोंगरगढ़**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

आनलाईन नं 2023082711100004 अ/2 वर्ष 2022-23

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक महेश कुमार मिरी पिता कार्तिकराम मिरी निवासी ग्राम-मटिया, तहसील-सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम पेंड्री प.ह.न. 01 तहसील भाटापारा स्थित भूमि खसरा नम्बर 70/5 रकबा 0.110 हेक्टेयर अर्थात 1200 वर्गफुट भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत पुनर्निर्धारण के लिये खसरा नक्शा, बी-1, विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो प्रकरण नियत तिथि 14/08/2023 तक आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है । नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) भाटापारा**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

आनलाईन नं. 2023062111000020 अ/2 वर्ष 2022-23

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामसहाय पिता जवाहर जाति कुम्हार निवासी ग्राम तरेंगा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार- भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम तरेंगा प.ह.न. 01 तहसील भाटापारा स्थित भूमि खसरा नम्बर 2030/3 रकबा 0.0790 हेक्टर भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुर्न निर्धारण के लिये खसरा, नक्शा, बी-1, ब्लू प्रिंट नक्शा एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो प्रकरण नियत 18/08/2023 तक आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी ( रा ) भाटापारा**



# छत्तीसगढ़ महिला कोष




**मात्र 3 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध**
**सक्षम योजना के तहत**
**अधिकतम 4 लाख रूपए तक ऋण प्रदाय**


## तृतीय लिंग हितग्राही भी योजना से ले सकते हैं लाभ

**सक्षम योजना के तहत 1126 महिलाओं को**

**8.52 करोड़ रूपए ऋण वितरित**

**5845 महिला समूहों के**
**11.06 करोड़ रुपए का ऋण माफ**

अधिक जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग की वेबसाइट www.cgwcd.gov.in पर उपलब्ध



भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ सरकार भरोसे की सरकार

गढ़बो नवा छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ संवाद-आर.ओ./36779/59

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23